
RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः35 , गुरुवार, 19 मार्च 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


भारत-नेपाल सीमा पर मानव तस्करी रोकने को एनजीओ एकजुट, रक्सौल में समन्वय बैठक... 03


शक्तिश्वरी देवी की भावपूर्ण कथा ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध 04

मौनी रॉय ने व्हाइट सासड़ी में ढ़ाया कहर बैकलेस ब्लाउज पहन दिए... 07

# इंदौर-दिल्ली में 'मौत' बनकर आया बुधवार

● भीषण हादसा, 17 लोगों की गई जान ● इंदौर में ईवी चार्जिंग के दौरान 8 की मौत ● दिल्ली में 4 मंजिला बिल्डिंग में आग से 10 लोगों को बचाया

## इंदौर में डिजिटल लॉक नहीं खुले, लोग अंदर फंसे रह गए; पीएम-सीएम ने जताया दुख





**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर में इलेक्ट्रिक कार टाटा पंच में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की है। पुलिस के अनुसार, कार से घर तक फैली आग ने अंदर रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे एक के बाद एक सिलेंडर फटने लगे। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। घर में लगे डिजिटल लॉक खुल नहीं पाए, इसके कारण अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। रहवासियों ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सूचना देने के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचीं। बिहार के किशनगंज निवासी बिजली देवी ने बताया कि विजय सेठिया कॉस्मेटिक कारोबार से जुड़े थे। उन्हें जबड़े में कैंसर था। इसलिए वह ऑपरेशन कराने परिवार के साथ अपने बेटी-दामाद के घर इंदौर गए थे। विजय सेठिया इलाज कराने के लिए इंदौर गए थे, लेकिन वहां हादसे में उनकी पत्नी, बेटे, बहन और बहनोई समेत उनकी भी मौत हो गई।



### घर में कुछ ऐसे केमिकल भी थे जो ज्वलनशील थे

इंदौर के पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के मुताबिक, यह घर मनोज पुगलिया का था, जो पॉलीमर का कारोबार करते थे। घर में कुछ ऐसे केमिकल भी रखे थे जो ज्वलनशील हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि इलेक्ट्रिक वाहन के चार्जिंग पॉइंट में विस्फोट से आग लगी, जो कार से होते हुए घर तक फैल गई। घर में 10 से ज्यादा गैस सिलेंडर और ज्वलनशील केमिकल भी रखे थे, जिससे आग और भयावह हो गई।

## दिल्ली में 4 मंजिला बिल्डिंग में आग, 9 लोगों की मौत

● इनमें 3 लड़कियां, दमकल ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया, दो ने छलांग लगाकर बचाई जान






**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पालम स्थित साध नगर में एक रिहायशी 4 मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। 2 लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। दिल्ली फायर सर्विस के कर्मियों ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया है। इनमें 3 लोग घायल हैं। करीब 30 फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और तेजी से फैल गई। इमारत में उस समय 10-15 लोग मौजूद थे। इनमें कुछ शव बरामद किए जा चुके हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, बिल्डिंग के बेसमेंट, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर कपड़े और कॉस्मेटिक सामान के स्टोरेज के लिए किया जा रहा था। सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर लोग रहते थे। चौथे फ्लोर पर एक टिन शेड बना हुआ था। आग की लपटें वहां तक पहुंच गई थीं। घटना में मारे गए 8 लोगों के शव मणिपाल अस्पताल और एक महिला का शव अस्पताल लाया गया था। घायलों में दो का इलाज अस्पताल में चल रहा है, जबकि एक व्यक्ति को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नीचे भयंकर लपटें और ऊपर घना धुआं छाया हुआ था।

### पीएम ने मृतकों के परिजनों को 2 लाख मुआवजे का ऐलान किया

पालम और इंदौर हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताते हुए मुआवजे का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जबकि घायलों को 50 हजार दिए जाएंगे। इस बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी घटना पर दुख जताया और पार्टी कार्यकर्ताओं से पीड़ितों की मदद करने की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रथम मां शैलपुत्री



नवरात्रि उत्सव के दौरान मां दुर्गा के नौ विभिन्न रूपों का सम्मान एवं पूजा की जाती है। जिसे नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है। माँ दुर्गा का पहला ईश्वरीय स्वरूप शैलपुत्री है। शैल का अर्थ है शिखर शास्त्रों में शैलपुत्री को पर्वत (शिखर) की बेटी के नाम से जाना जाता है।

## शक्ति आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि आज से

● 27 मार्च तक चलेगा पर्व, हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरुआत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देवी पूजा का उत्सव चैत्र नवरात्रि आज 19 मार्च से शुरू हो रहा है। ये पर्व 27 मार्च तक चलेगा। चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 भी शुरू हो जाएगा। इस बार हिन्दी वर्ष 12 नहीं 13 महीनों का रहेगा, क्योंकि संवत् 2083 में एक अधिकमास भी है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक,



चैत्र नवरात्रि और आश्विन नवरात्रि में आम भक्त देवी दुर्गा के नौ स्वरूपो की पूजा करते हैं, जबकि माघ और आषाढ़ मास की नवरात्रि गुप्त होती है, इन दिनों में तंत्र-मंत्र से जुड़े साधक देवी सती की दस महाविद्याओं की साधना करते हैं। इस तरह एक साल में चार बार नवरात्रि आती है- दो प्रकट नवरात्रि और दो गुप्त नवरात्रि। हिन्दी पंचांग के अनुसार इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि 19 मार्च की सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होकर 20 मार्च की सुबह 4 बजकर 52 मिनट तक रहेगी। इसी वजह से 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत मानी जा रही है। नौ दिनों तक चलने वाले ये पर्व 27 मार्च को रामनवमी के साथ खत्म होगा। नवरात्रि के पहले दिन घरों और मंदिरों में घटस्थापना यानी कलश स्थापना की जाती है। कलश को माता दुर्गा का प्रतीक माना जाता है। घटस्थापना के साथ ही नौ दिनों तक चलने वाली पूजा शुरू हो जाती है।




## बड़े युद्ध के बीच ईरान का 'संकटमोचक' बना भारत!

● शिया देश को भेजी जीवनरक्षक दवाइयां, गदगद हुआ तेहरान

**तेहरान (एजेंसी)।** मध्य पूर्व में जारी भारी युद्ध के बीच, भारत ने एक बड़ा मानवीय कदम उठाते हुए ईरान को चिकित्सा सहायता की अपनी पहली खेप भेजी है। यह सहायता ऐसे समय में पहुंची है जब ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच चल रही जंग अपने 19वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। भारत द्वारा भेजी गई चिकित्सा आपूर्ति और दवाइयां बुधवार



को राजधानी तेहरान में ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंप दी गई हैं। इस मदद के पहुंचने पर भारत में स्थित ईरानी दूतावास ने तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए भारत सरकार और नागरिकों का शुक्रिया अदा किया। दूतावास ने बयान जारी करते हुए कहा- भारत के सम्मानित लोगों की ओर से चिकित्सा सहायता की पहली खेप ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी को पहुंचा दी गई है। हम भारत के दयालु लोगों को तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। यह दवाइयां और चिकित्सा उपकरण ऐसे समय में भेजे गए हैं जब युद्ध और लगातार हो रहे हमलों के कारण प्रभावित इलाकों में घायलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वहां के अस्पतालों और आपातकालीन टीमों पर भारी दबाव है, जिन्हें इस खेप से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। पिछले करीब तीन हफ्तों से ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है। मिसाइल और हवाई हमलों के कारण इस क्षेत्र में भारी जान-माल का नुकसान हो रहा है।

## भव्य योजना को मोदी सरकार की मिली मंजूरी

100 इंडस्ट्रियल पार्क बनेंगे, 33,660 करोड़ रुपए लागत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए। सरकार ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के



लिए 'भव्य' (भारत औद्योगिक विकास योजना) को मंजूरी दी है। 33,660 करोड़ रुपए लागत वाली इस योजना के तहत देशभर में 100 इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि योजना के तहत बनने वाले इंडस्ट्रियल पार्क में उद्योगों के लिए जमीन, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहले से उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार का मानना है कि इस योजना से देश में निवेश बढ़ेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश के बाराबंकी से बहराइच के बीच 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड नेशनल हाईवे-927 के निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। इस परियोजना पर करीब 6,969 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 की अवधि के लिए स्मॉल हाइड्रो पावर डेवलपमेंट स्कीम को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने कपास सीजन के लिए भी बजट दिया है।

## कांग्रेस से इस्तीफा, बीजेपी के हो गए प्रद्युत बोरदोलोई

● सीएम हिमंता ने दिलाई पार्टी की सदस्यता, दिए दो बड़े संकेत



**दिसपुर (एजेंसी)।** असम की राजनीति में चुनाव से पहले बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मंगलवार को कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने एक दिन बाद यानी आज (बुधवार को) राज्य की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। उन्हें राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के आमंत्रण पर पार्टी में शामिल कराया गया है। बोरदोलोई के भाजपा में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि राज्य इकाई केंद्रीय नेतृत्व से सिफारिश करेगी कि बोरदोलोई को आगामी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया जाए।

● **कांग्रेस की प्रतिक्रिया, प्रियंका ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण**- दूसरी तरफ, कांग्रेस सांसद और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को बोरदोलोई के इस्तीफे को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि वह एक सीट पर टिकट को लेकर नाराज थे। प्रियंका ने कहा कि इस्तीफे से पहले उनसे बातचीत का मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पार्टी चाहती थी कि इस्तीफ़ा देने से पहले उन्हें बोरदोलोई से बात करने का मौका मिलता। प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में इस बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है, मुझे लगता है कि वह एक टिकट आवंटन से नाराज थे, काश हमें इस बारे में बातचीत का मौका मिलता।

## पाकिस्तान को सस्ता तेल देने को तैयार रूस

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में रूसी राजदूत अल्बर्ट खोरेव ने कहा है कि रूस पाकिस्तान को सस्ता तेल देने के लिए तैयार है। लेकिन अभी तक पाकिस्तान की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक मांग नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान खुद पहल करता है, तो रूस उसे कम कीमत पर तेल सप्लाई कर सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूसी कच्चे तेल की कीमत करीब 70 से 76 डॉलर प्रति बैरल है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में यही कीमत 95 से 105 डॉलर प्रति बैरल के बीच है। वहीं, पाकिस्तान के पेट्रोलियम सचिव ने संसद की एक समिति को बताया कि देश के पास फिलहाल सिर्फ 11 दिन का कच्चा तेल बचा है।

## मोहब्बत हमारे साथ, शादी मोदी साहब के साथ

### खड़गे ने पूर्व पीएम देवगौड़ा से कहा तो हंसने लगे पीएम, राज्यसभा में 59 सांसदों की विदाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के उच्च सदन राज्यसभा से बुधवार को कई सांसद रिटायर हो गए। उनकी विदाई के दौरान राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सदन में कहा कि नेता कभी रिटायर नहीं होते। वो राजनीति में, पब्लिक लाइफ में, देश सेवा के जुनून में न तो थकते हैं और न ही रिटायर होते हैं। इसी दौरान पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बारे में बोलते हुए खरगे ने अहम टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि मोहब्बत हमारे साथ की, लेकिन शादी मोदी साहब के साथ ऐसा क्यों हुआ मुझे नहीं पता। राज्यसभा सांसदों की विदाई पर सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने जब देवगौड़ा को लेकर ये बात कही तो पीएम मोदी भी मुस्कुराए बिना नहीं रह सके। इस दौरान उच्च सदन में खरगे के पीछे बैठे जयराम रमेश भी मुस्कुराते नजर आए। दरअसल, खरगे ने जिस तरह से अपनी बात कही वो बेहद अहम रही। कांग्रेस प्रेसीडेंट खरगे ने कहा, मैं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा जी का उल्लेख करना चाहूंगा। वो प्रधानमंत्री समेत कई पदों पर रहे हैं। मैं देवगौड़ा जी को 54 साल से ज्यादा समय से जानता हूं। मैंने उनके साथ बहुत काम किया है। हालांकि, बाद में, मुझे नहीं पता कि क्या हुआ, वो तो प्रेम हमारे साथ किए। मोहब्बत हमारे साथ, शादी मोदी साहब के साथ किए। ये हाल ही में हुआ। ये कैसे हुआ मुझे मालूम नहीं है। शरद पवार का भी जिक्र करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वो राष्ट्रीय नेता हैं।



● **मोदी ने कहा- ये सदन अपने आप में बड़ी ओपन यूनिवर्सिटी**- पीएम मोदी ने कहा कि ये उनके जीवन की सबसे बड़ी स्मृति रहेगी। ये सदन अपने आप में बड़ी ओपन यूनिवर्सिटी है। हमारी यहां शिक्षा-दीक्षा होती है। ये 6 साल जो यहां रहने का मौका मिलता है। वह राष्ट्र जीवन के साथ अपने जीवन को गढ़ने का भी मौका है। उनको यह भरोसा होता है कि चलो यहां नहीं तो उस सदन से कुछ तो हासिल होगा। जो सांसद विदाई ले रहे हैं आने वाले दिनों में तो ये मौका नहीं मिलेगा, इनमें कुछ ऐसे हैं जिनको नए और पुरानी संसद में बैठने का अवसर मिला है। ऐसे कई सांसद अब विदा हो रहे हैं। यह सेकंड ओपिनियन सारी बहस को नया आयाम देती है। हमारी निर्णय प्रक्रिया को समृद्ध करती है। जो सदन में बैठते हैं।

● ईरान को लगा एक और तगड़ा झटका

## अब इंटेलीजेंस मिनिस्टर इस्माइल खातिब को मारा, इजराइल का दावा

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायल ने ईरान के रक्षा प्रमुख अली लारीजानी की हत्या के बाद ईरानी इंटेलीजेंस मिनिस्टर इस्माइल खातिब को भी मार गिराया है। इसकी पुष्टि इजरायली रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने की है। हालांकि, इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने अभी तक स्ट्राइक को कन्फर्म करने वाला कोई स्टेटमेंट जारी नहीं किया है। इससे एक दिन पहले इजरायल ने तेहरान में हमला कर ईरान के रक्षा प्रमुख अली लारीजानी को मार गिराया था। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लारीजानी को गुंडों का सरगना बताया था। उनकी मौत के बाद गुस्साए ईरान ने इजरायल पर क्लस्टर बमों से हमला किया है। जेरूशलम पोस्ट ने ईरानी सूत्रों के हवाले से मंगलवार रात हुए इजरायली हमले में ईरानी इंटेलीजेंस मिनिस्टर इस्माइल खातिब की मौत की जानकारी दी है। एक सूत्र ने बताया है कि इजरायली स्ट्राइक सफल रही है और इस्माइल खातिब मारे गए हैं। वहीं, दूसरे सूत्र ने कहा है कि इजरायल ने उन्हें मारने की कोशिश की है, लेकिन नतीजे अभी तक साफ नहीं हैं। उसने बात करने से मना कर दिया है।



## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी में रात 2 बजे खुलेगा महावीर मंदिर का पट, 15 नैवेद्यम काउंटर बनाए जाएंगे, डीएम ने की समीक्षा बैठक

**पटना।** देश में 27 मार्च को रामनवमी मनाई जाएगी। इसके लिए पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में रात 2 बजे ही पट खुल जाएगा। पट खुलते ही 15 मिनट आरती होगी। आरती खत्म होते ही प्रसाद चढ़ाने और दर्शन करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो 27 मार्च को रात को होने वाली आरती तक चलेगा। रामनवमी की तैयारी को लेकर आज महावीर मंदिर में पटना डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम और सीनियर एसपी कार्तिकेय के शर्मा की मौजूदगी में समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में मंदिर के एसीईओ बीके मिश्रा, मंदिर अधीक्षक के सुधाकरण, मार्केट समिति के पदाधिकारी और सदस्य, विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी आदि शामिल थे। रामनवमी के दिन भक्तों को मिलने वाली सुविधा और व्यवस्था पर चर्चा हुई। डीएम ने कतार लगने वाले भक्तों के सुविधा के लिए कई निर्देश दिए। जिससे भक्तों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। साथ ही साथ उन्होंने उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। महिला भक्तों के लिए मल्टी लेवल पार्किंग की भी मांग की गई है। जिससे महिलाओं में अधिक देर तक लाइन में खड़ा नहीं रहना पड़े।



मंदिर में नैवेद्यम लड्डू के लिए कोई काउंटर नहीं रहेगा। सभी काउंटर बाहर में रहेंगें। राम नवमी के दिन लोहे और बांस का बैरिकेडिंग, धूप से बचाव के लिए छावनी, पूरे रास्ते में समुचित लाइटिंग, विभिन्न जगहों पर बड़ा एलईडी स्क्रीन, एलईडी पर लाइव पूजा देखने, पानी, शर्बत और मोबाइल शौचालय की व्यवस्था, मेडिकल कैंप, एंबुलेंस, विभिन्न जगहों पर करीब 15 नैवेद्यम लड्डू काउंटर की व्यवस्था की जाएगी। पूजा के लिए अयोध्या से पुजारी बुलाएं जाएंगे। सुरक्षा में सरकारी और प्राइवेट सुराकर्मियों की मदद ली जाएगी। सरकारी के अलावा करीब 100-120 प्राइवेट सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएंगे, जिससे कतार में लगे भक्तों की भीड़ को समुचित तरीके से नियंत्रित किया जा सके। इस बार 24 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। 18 हजार किलो नैवेद्यम बनाकर तैयार रखा जाएगा। जरूरत पड़ने पर और 6 हजार किलो की तैयारी रखी जाएगी। वैसे बीते साल भी 18 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करके रखा गया था। उसी के मद्देनजर इस बार 24 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

### प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, बिजली दर में 25 पैसे प्रति यूनिट तक कटौती संभव

**पटना।** राज्य में बिजली दरों को लेकर आज बड़ा फैसला सामने आ सकता है। प्रीपेड मीटर उपयोगकर्ताओं के लिए राहत की खबर है, क्योंकि उन्हें बिजली की दरों में प्रति यूनिट 25 पैसे तक की छूट मिलने की संभावना जताई जा रही है। इसके साथ ही शहरी घरेलू उपभोक्ताओं को भी एक अप्रैल से करीब 18 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिल सकती हैं। जानकारी के अनुसार, बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली दरों में संशोधन और स्लैब को एक करने के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय आज आयोग की बैठक में लिया जाएगा। प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी की घोषणा भी की जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा।



राज्य में तेजी से लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह फैसला खासा लाभकारी हो सकता है। प्रस्ताव के मुताबिक, जिन उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगे हैं, उन्हें बिजली की दर में 25 पैसे प्रति यूनिट तक की कमी का फायदा मिलेगा। इससे मासिक बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त या रियायती दर पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा, नई दरें लागू होने के बाद सामान्य उपभोक्ताओं को भी प्रति यूनिट लगभग 18 पैसे की कमी का लाभ मिलेगा। बिजली दरों को सरल बनाने के लिए अलग-अलग स्लैब को एक करने का प्रस्ताव भी दिया गया है। अभी 0 से 100 यूनिट तक और 100 यूनिट से अधिक खपत पर अलग-अलग दरें लागू हैं। वर्तमान में 0–100 यूनिट तक करीब 7.42 रुपये प्रति यूनिट और 100 यूनिट से ऊपर करीब 8.95 रुपये प्रति यूनिट की दर है। प्रस्ताव के अनुसार, स्लैब एक होने के बाद एक समान दर लागू की जाएगी, जो लगभग 7.77 रुपये प्रति यूनिट हो सकती है। इससे उपभोक्ताओं को बिल समझने में आसानी होगी और दरों में पारदर्शिता आएगी।

### पटना में स्मैक पार्टी के दौरान चली गोली, एक युवक को लगी, दोस्तों ने छिपकर अस्पताल में कराया एडमिट

**पटना।** बुद्धा कॉलोनी थाना इलाके की दुजरा देवी स्थान मंदिर के पीछे स्मैक पार्टी के दौरान एक युवक को गोली लगी है। उसकी पहचान मैनपुरा के रहने वाले आकाश कुमार के तौर पर हुई है। आकाश अपने नशेड़ी दोस्तों के साथ मिलकर मंदिर के पीछे पार्टी कर रहा था। इसी बीच उसकी गोली लग गई। गोली लगने के बाद आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। दोस्त आकाश को मंदिर के पीछे से लेकर अस्पताल गए। इसकी सूचना किसी को नहीं दी। छिपकर एक निजी अस्पताल में इलाज कर रहे थे। इसी बीच इसकी जानकारी पुलिस को मिल गई। पुलिस अस्पताल पहुंचकर आकाश कुमार का स्टेटमेंट रिकॉर्ड की है। उसने पुलिस को बताया है कि सभी दोस्त दूजरा मंदिर के पीछे बैठे थे।



इसी बीच किसी अज्ञात शख्स ने उसे गोली मार दी। आकाश का स्टेटमेंट लेने के बाद पुलिस ने उसके दोस्तों का भी स्टेटमेंट रिकॉर्ड किया, जिसमें दोस्तों ने पुलिस को बताया कि गोली आकाश के ही पिस्तौल से लगी थी। किसी ने गोली मारी नहीं है। आकाश बचने के लिए हम लोग को बताया था कि पुलिस जब पूछेगी तो बता देना किसी ने गोली मार दी है। पुलिस ने आकाश के बयान के आधार पर केस दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल, आकाश का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। आकाश का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस इस एंगल से भी छानबीन कर रही है।

### यूपी नंबर के ट्रक से 489 कार्टन शराब बरामद, पुलिस ने शराब की बड़ी खेप पकड़ी, 2 तस्कर गिरफ्तार

**हाजीपुर।** वैशाली के महुआ में पुलिस ने शराब की एक बड़ी खेप जब्त की है। महुआ-ताजपुर सड़क पर छतवारा पेट्रोल पंप के पास एक यूपी नंबर के 12 चक्का ट्रक से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। इस कार्रवाई में दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि जब्त किए गए ट्रक पर कुल 489 कार्टन शराब और बीयर लदी हुई थी, जिसकी कुल मात्रा लगभग 4651 लीटर है। यह खेप बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में खपाने के उद्देश्य से लाई गई थी। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक इकबाल और खलासी सन्नी कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। महुआ थाना अध्यक्ष राजेश रंजन ने जानकारी दी कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी।



उन्होंने पुष्टि की कि शराब की यह खेप बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में आपूर्ति के लिए लाई जा रही थी। बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद शराब तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। महुआ पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि शराब कहां से लाई गई थी और किन लोगों तक इसकी आपूर्ति होनी थी।

# पटना में यूजीसी के समर्थन में प्रदर्शन-पुलिस ने लाठियां बरसाईं

एजेंसी, पटना

पटना में UGC के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने बुधवार को लाठियां बरसाईं। प्रदर्शनकारी UGC रेगुलेशन लागू करने और SC-ST, EBC-BC वर्गों के लिए 65% आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। छात्र सुबह गांधी मैदान के गेट नंबर 10 के पास छात्र जुटे थे। यहां से प्रदर्शनकारी राजभवन के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने जेपी गोलंबर के पास रोक दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग तोड़ते हुए आगे बढ़ गए।

डाकबंगला में भी पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोकने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग पर ही चढ़ गए। कुछ लोग सड़क पर बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान पुलिस से हल्की नोकझोंक भी हुई। प्रदर्शन में शामिल छात्रों का कहना है कि कॉलेजों में अब अपमान नहीं सहेंगे। वहीं,



एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'हम अपने बच्चों का भविष्य खराब होता नहीं देख सकते। इसलिए UGC के नए नियम लागू करने के लिए सड़कों पर उतरे हैं।' प्रोटेस्ट में छात्र संगठन AISA, भीम सेना शामिल हैं। इनके सपोर्ट में माले नेता दिव्या गौतम और पार्टी कार्यकर्ता भी प्रोटेस्ट में शामिल हैं।

**प्रदर्शनकारी बोले- कॉलेजों में अपमान नहीं सहेंगे, वज्र वाहन में बैठकर ले गई पुलिस**

**UGC रेगुलेशन और 65% आरक्षण की मुख्य मांगः** प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि बिहार में UGC रेगुलेशन को पूरी तरह लागू किया जाए और उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी, ईबीसी और बीसी वर्गों के लिए 65 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाए। छात्र नेताओं के अनुसार, सामाजिक न्याय की भावना को मजबूत करने के लिए यह आवश्यक है कि शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था का सही तरीके से पालन हो। उनका यह भी कहना है कि कई संस्थानों में UGC के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण वंचित वर्गों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## सुबह 3 बजे से लाइन, नहीं मिला एलपीजी सिलेंडर

एजेंसी, पटना

पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र स्थित चांदपुर बेला में गैस सिलेंडर को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। पाटलीग्राम गैस एजेंसी के सामने सैकड़ों की संख्या में ग्राहक सड़क पर उतर आए और सिलेंडर रखकर प्रदर्शन करने लगे। मौके पर हालात इतने बिगड़ गए कि नाराज लोगों ने बीच सड़क पर आगजनी भी कर दी। प्रदर्शन कर रहे ग्राहकों का कहना है कि वे सुबह 3 बजे से एजेंसी के बाहर नंबर लगाकर लगे हैं, लेकिन अब तक गैस से भरा ट्रक नहीं पहुंचा। ग्राहकों का आरोप है कि ट्रक को कहीं और खड़ा कर दिया गया है। एजेंसी की ओर से सही जानकारी नहीं दी जा रही।

लोगों ने आरोप लगाया कि एजेंसी द्वारा सिलेंडर ब्लैक में बेचे जा रहे हैं, जबकि नंबर लगाकर खड़े ग्राहकों को गैस नहीं दी जा रही। कई लोगों का कहना है कि नंबर होने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिला,



**♦ पटना के चांदपुर बेला में बवाल, सड़क पर आगजनी, ब्लैक में सिलेंडर बेचने का आरोप**

जिससे गुस्सा और बढ़ गया। प्रदर्शन में शामिल ग्राहक अनीता देवी ने बताया कि वह किराए के मकान में रहती हैं और पिछले 10 दिनों से गैस खत्म है। उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसी पर जाने पर उन्हें कहा जा रहा है कि उन्होंने पहले ही सिलेंडर ले लिया है, जबकि उन्हें कोई सिलेंडर नहीं मिला है।

## भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के पास बन रहा नया एडवांस डीपीएस

एजेंसी, पटना

पटना के भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के पास जल निकासी के लिए अत्याधुनिक नए ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन (DPS) का निर्माण किया जा रहा है। बरसात के दौरान पटना वासियों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े, इसलिए बुडको द्वारा नंदलाल छपरा डीपीएस को योगीपुर नाले से जोड़ा जा रहा है। भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के पास बॉक्स कलवर्ट और डायवर्जन ड्रेन को बाइपास ड्रेन की ओर जोड़ने का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 3.17 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

**योगीपुर नाले के पानी को अब डायवर्ट किया जाएगाः** इस परियोजना के तहत योगीपुर नाले का पानी नवनिर्मित डीपीएस तक पहुंचाया जाएगा। इस बदलाव से योगीपुर नाले के पानी को अब नंदलाल छपरा स्थित नए पंपिंग स्टेशन की मदद से डायवर्ट किया जा सकेगा, जिससे पहाड़ी डीपीएस का भार कम होगा। प्रबंध



निदेशक अनिमेष कुमार पराशर ने पदाधिकारियों को निर्माण कार्य को मार्च तक पूरा करने का निर्देश दिया है, जिससे आगामी मानसून से पहले इस प्रणाली को चालू किया जा सके।

**कंकड़बाग क्षेत्र को मिलेगी राहतः** इस नई प्रणाली के चालू होने से शहर के कई इलाकों में मानसून के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। इससे कंकड़बाग इलाके के लोगों का फायदा मिलेगा। योगीपुर नाले के पानी को सीधे नए डीपीएस से जोड़कर जल निकासी की क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। यह परियोजना कंकड़बाग क्षेत्र में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## पटना में सड़कों पर लेटे टीआरई-4 कैंडिडेट्स, बोले- वैकेंसी जारी कीजिए, जेपी गोलबंर पर लगा जाम

एजेंसी, पटना

पटना में बुधवार को एक बार फिर TRE-4 कैंडिडेट्स सड़कों पर उतरे। पटना कॉलेज से BPSC ऑफिस तक मार्च के लिए निकले कैंडिडेट्स को पुलिस ने बैरिकेडिंग कर जेपी गोलंबर के पास रोक दिया। प्रदर्शनकारी यहां सड़क पर लेटरकर अपना विरोध जताने लगे। प्रदर्शन की वजह से लंबा जाम लग गया है। इधर, BPSC ने कुछ कैंडिडेट्स को बातचीत के लिए बुलाया। मुलाकात के बाद छात्र नेता दिलीप ने कहा कि बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक से हमारी मुलाकात हुई है। उन्होंने कहा है कि शिक्षा विभाग ने जो हमें रिक्तियां भेजी थी उसे वापस लिया है। उसमें कुछ त्रुटियां थी। 20 तारीख को शिक्षा विभाग के साथ मीटिंग होने वाली है। उसके बाद इसी महीने विज्ञापन जारी किया जाएगा। इससे पहले, जेपी गोलंबर पर पुलिस और अभ्यर्थी आमने-सामने हो गए थे। कैंडिडेट्स बैरिकेडिंग तोड़कर आगे निकलने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोका। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हमें हमारा हक दो, नीतीश के सम्मान में बेटियां मैदान में, लिखे पोस्टर लेकर कैंडिडेट्स नोटिफिकेशन जारी करने की मांग कर रहे थे।

**2 साल से भर्ती का इंतजार, धैर्य टूटने लगाः** छात्र नेता दिलीप ने कहा है कि, CM चाहते हैं कि TRE-4 जल्दी हो। वो अपनी यात्रा में लगातार इसका जिक्र कर रहे हैं। लेकिन बीपीएससी के कुछ अधिकारी सीएम का आदेश नहीं मानकर उनका अपमान कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) को 17 मार्च की देर रात तक का अल्टीमेटम दिया था। छात्रों का कहना है, तय समय सीमा तक TRE-4 का नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया, जिसके बाद उन्होंने 18 मार्च को बड़े आंदोलन का ऐलान किया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे पिछले 2 वर्षों से इस वैकेंसी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



**सरकार के निर्देश के बावजूद देरी का आरोपः** छात्र नेता दिलीप ने आरोप लगाया कि

**♦ बीपीएससी ने बातचीत के लिए बुलाया**

जब सरकार की ओर से सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं, तो फिर नोटिफिकेशन जारी करने में देरी समझ से परे है। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी सरकार के निर्देशों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जिससे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की छवि भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने कई बार चौथे चरण की शिक्षक बहाली का जिक्र किया था, जिससे छात्रों की उम्मीदें और बढ़ गई थीं।

**46,595 पदों पर जल्द आएगा नोटिफिकेशनः** TRE-4 के तहत कुल 46,595 पदों पर भर्ती की जाएगी। बिहार लोक सेवा आयोग को इसके लिए अधियाचना पिछले फरवरी महीने में ही मिल चुकी है और इसे वार्षिक कैलेंडर में भी शामिल कर लिया गया है। संभावित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा 22 सितंबर से 27 सितंबर 2026 के बीच आयोजित की जाएगी, जबकि परिणाम नवंबर 2026 में जारी होने की संभावना है। हालांकि अब तक आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी नहीं होने से अभ्यर्थियों में नाराजगी बनी हुई है।

## बैंक मैनेजर ने प्रेग्नेंट पत्नी से कहा था- घूमने चलेंगे, भाई बोला- बेटी के बर्थडे में पटना आने वाले थे

एजेंसी, पटना

"15 मार्च की रात 9 बजे भाभी ने भैया को फोन किया था। करीब 12 मिनट बात हुई। भैया ने कहा था कि अपना और बेटी का ख्याल रखना। मैं अप्रैल के फर्स्ट वीक में आऊंगा। फिर घूमने चलेंगे। भैया परिवार की शान थे। अब वो नहीं रहे।" ये कहना कि पटना के अभिमन्यु शर्मा का, जिनके भाई अभिषेक शर्मा की यूपी के गाजियाबाद में गार्ड ने 16 मार्च को गोली मारकर हत्या कर दी थी। अभिषेक गाजियाबाद में पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर थे।

अभिमन्यु, मंगलवार को पटना से दिल्ली के जीटीबी अस्पताल से भाई का शव लेने पहुंचे थे। आज बख्तियारपुर के लखीपुर में बैंक मैनेजर का आज यानी बुधवार की सुबह अंतिम संस्कार किया गया। अभिमन्यु शर्मा ने कहा, 'मेरी भाभी प्रेग्नेंट है। उन्हें जब भइया की मौत की जानकारी मिली तो वह बेहोश हो गई। भैया यहां अफसर बनकर आए थे। आज उनकी लाश कफन में लेकर जा रहा हूं। यह दिन कभी नहीं



भूल पाऊंगा।'

**भाई बोले- भैया हर रोज फोन करते थेः** पटना जिले के लखीपुर निवासी अभिमन्यु शर्मा ने बताया, 'मेरे पिता संजय शर्मा किसान हैं। बड़े भाई ने बैंक के PO की तैयारी शुरू की। 2016 में बड़े भैया का सिलेक्शन बैंक में PO के पद पर हुआ था। भैया की बैंक में नौकरी लगते ही घर में सब लोग खुश हो गए। पहली पोस्टिंग पंजाब के होशियापुर में मिली। उसके बाद वह हेड ऑफिस किदवई नगर दिल्ली में तैनात रहे। यहां से ट्रांसफर

**♦ गाजियाबाद में गार्ड ने मारी थी गोली**

हुआ। फिर जोनल ऑफिस नोएडा जॉइन किया।" बैंक मैनेजर के भाई ने बताया, "अगस्त, 2025 में गाजियाबाद के लोनी बार्डर स्थित बलराम नगर में पंजाब एंड सिंध बैंक में सीनियर मैनेजर के पद पर पहुंचे। अभिषेक भैया रात में सोने से पहले रोज रात में 9 बजे भाभी, मां और परिवार के बाकी लोगों से बात करते थे। घटना से पहले वाली 15 मार्च की रात भैया ने राधिका भाभी से फोन पर बात की। उनसे कहा था कि 27 जून को बेटी परी का जन्मदिन है। इस बार हमारी परी 2 साल की हो जाएगी। उस दिन हम लोग घूमने चलेंगे।"

अभिमन्यु ने बताया, "11 मई, 2022 को बड़े भाई अभिषेक शर्मा की शादी राधिका के साथ हुई। उनकी 2 साल की एक बेटी है। राधिका भाभी इस समय 2 महीने की गर्भवती हैं। वह मौत की खबर सुनकर बेहोश हो गईं। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। भैया को अपने काम और ड्यूटी से बहुत लगाव था। पूरे परिवार को उन पर गर्व था। वह हमारे और परिवार के लिए सबकुछ थे। लेकिन आज हमारा सब कुछ चला गया। वहीं, बैंक के स्टाफ ने बताया कि मैनेजर अभिषेक किराए पर रह रहे थे। रोज सुबह उठने के बाद वह मॉर्निंग वाक करते थे। उसके बाद समय से बैंक पहुंचते थे। बैंक में कई बार देर शाम तक भी ऑफिस में ही काम करते थे।

मृतक के चाचा रामप्रकाश शर्मा ने बताया, "वो 2 साल से गाजियाबाद दिल्ली में रह रहे थे। पहले चंडीगढ़ में थे। पत्नी का नाम राधिका है, वो भी दिल्ली में ही है। ससुराल मोकामा में है। हमें पता चला कि उनका एक्सीडेंट हो गया है। फिर पता चला कि गोली मारी गई है।" चाचा ने बताया, "गांव में माता-पिता रहते हैं। अभिषेक पत्नी के साथ दिल्ली में ही रहता था। अभी मायके में किसी की शादी थी तो आई थी। 6 मार्च को ही गई है। दोनों को डेढ़ साल की एक लड़की है। पढ़ाई लिखाई सब यहीं से हुई है। नौकरी 2016 में लगी थी।"

## होटल के कमरे में दोस्त के साथ पकड़ी गई महिला, पति ने पुलिस बुलाई

एजेंसी, पटना

पटना के जक्कनपुर इलाके के करबिगहिया के पास एक होटल में शादीशुदा महिला दोस्त के साथ कमरे में ठहरी थी। इसकी खबर महिला के पति को मिल गई। पति ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस बुला लिया। इतना ही नहीं, पति ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों को भी कॉल कर दिया। खबर लगते ही सभी होटल पहुंचे और महिला अपने दोस्त के साथ होटल के कमरे में रंगे हाथ पकड़ी गई। इसके बाद होटल से लेकर थाने तक घंटों तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। महिला का मायके राम कृष्ण नगर और ससुराल पटना सिटी इलाके में है। महिला और उसके प्रेमी दोनों शादीशुदा हैं। जिस लड़के के साथ महिला पकड़ी गई, वह झारखंड दुमका का रहने वाला है। पटना के राजीव नगर इलाके में रहकर एसएससी की तैयारी करता है।

महिला के दोस्त ने पुलिस को बताया कि, अपने दोस्त सिद्धार्थ के कहने पर वह महिला की मदद करने आया था। उसका महिला से कोई संबंध नहीं है। मेरा दोस्त सिद्धार्थ और महिला पहले से एक दूसरे को




जानते हैं।' उसने बताया कि, 'मेरे दोस्त सिद्धार्थ ने मुझे बताया था कि महिला के पति ने उसके साथ मारपीट की है। घर से बाहर निकाल दिया है। तुम पटना में हो तो जरा मदद कर दो। मदद के लिए मैं राजीव नगर से आया था। देर रात होने के चलते होटल के कमरे में दोनों ठहर गए थे।'

महिला के पति का आरोप है कि शादी के बाद भी पत्नी एक लड़के से बात करती थी। मैंने उसका नंबर वगैरह सब कुछ ब्लॉक कर दिया था। मेरी उससे बहस भी हुई थी। मैंने उसको समझाया भी था। फिर भी पता नहीं कैसे उसके संपर्क में है। एक दो साल का बच्चा है, इसका भी उसे ख्याल नहीं है।' पति का कहना है कि, 'जब भी पत्नी को समझाने-बुझाने का प्रयास करता हूं। मेरे ऊपर मारपीट का लांछन लगाकर थाने पर पहुंच जाती है। सोमवार की रात वह बिना बताए निकल गई थी। मंगलवार की सुबह पता चला कि होटल में ठहरी है।'

## बिहार में एलपीजी की कोई कमी नहीं- डीएम, दानापुर-कंकड़बाग में रेस्टोरेंट-कैफे सील

एजेंसी, पटना

पटना समाहरणालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने एलपीजी गैस की उपलब्धता, आपूर्ति और निगरानी को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में एलपीजी की कोई कमी नहीं है और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। साथ ही ब्लैकमार्केटिंग, जमाखोरी या घरेलू गैस के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**75 वार्ड पार्षदों के साथ समीक्षा बैठकः** डीएम ने बताया कि पटना नगर निगम के सभी 75 वार्डों के पार्षदों के साथ एलपीजी आपूर्ति को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में नगर आयुक्त, अपर जिला दंडाधिकारी (आपूर्ति) और गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। बैठक में पार्षदों को सिलेंडर बुकिंग और डिलीवरी से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई तथा उनसे फीडबैक लिया गया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

**ब्लैकमार्केटिंग पर सख्त कार्रवाई के निर्देशः** जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी या अधिक कीमत वसूलने की शिकायत मिलने पर तुरंत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। गैस एजेंसियों को भी जिम्मेदारीपूर्वक और उत्तरदायित्वपूर्ण तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

**जिले में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धताः** प्रेस वार्ता में डीएम ने बताया कि पटना जिले में कुल 136 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं और एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या 16,65,360 है। अब तक 6,89,055 सिलेंडर की बुकिंग की जा चुकी है और प्रतिदिन औसतन 35 से 40



हजार बुकिंग हो रही है। सभी कंपनियों और डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जिससे आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है।

**पैनिक बुकिंग से बचने की अपील, हेल्पलाइन जारीः** डीएम ने आम लोगों से अपील की कि वे पैनिक बुकिंग न करें और किसी भी भ्रामक या अपुष्ट सूचना पर ध्यान न दें। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 24x7 जिला एलपीजी गैस हेल्पलाइन नंबर 0612-2219810 जारी किया गया है, जिस पर कॉल कर त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है।

**ब्लैकमार्केटिंग, जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश**

**दानापुर में रेस्टोरेंट सील, एफआईआर दर्जः** डीएम के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर द्वारा विभिन्न होटलों की जांच की गई। जांच में "स्वाद सरोवर रेस्टोरेंट" में घरेलू गैस के उपयोग का मामला सामने आया। तत्काल प्रभाव से रेस्टोरेंट को सील कर दिया गया है और प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। बाढ़ अनुमंडल में जांच के दौरान "नीलम किचन" द्वारा घरेलू गैस के दुरुपयोग का मामला सामने आया। डीएम के निर्देश पर एफआईआर दर्ज की जा रही है। इसके अलावा एक व्यक्ति के खिलाफ गैस सिलेंडर की जमाखोरी के आरोप में भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**कंकड़बाग में 'डाउन टाउन कैफे' सीलः** डीएम ने बताया कि पटना सदर अनुमंडल में कंकड़बाग स्थित "डाउन टाउन कैफे" में घरेलू गैस के इस्तेमाल की पुष्टि हुई। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कैफे को सील कर दिया और प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पटना सिटी अनुमंडल में "चंपारण चूल्हा" नामक प्रतिष्ठान में घरेलू गैस के दुरुपयोग का मामला सामने आया। डीएम के निर्देश पर यहां भी प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

**उपभोक्ताओं के हित में सख्त रुखः** जिलाधिकारी ने कहा कि एलपीजी गैस की पारदर्शी और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है और जरूरत पड़ने पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 55 वां सद्गुरु महायज्ञ एवं संगीतमयी श्रीराम कथा का आज से होगा भव्य शुभारंभ



**बीएनएम @ मोतिहारी**। चंपारण के धराधाम स्थित देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम में 55वां सद्गुरु महायज्ञ एवं संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन आज गुरुवार 19 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। इस पावन अवसर पर वृंदावन से पधारे प्रख्यात कथावाचक आचार्य देवव्रत जी महाराज का भव्य स्वागत किया गया।गुरुकुल आश्रम में यज्ञ संयोजक राम भजन, आश्रम सचिव जय गोविंद प्रसाद एवं गुरु भाई विक्की कुमार द्वारा आचार्य जी का जल से चरण पखारकर तथा उनकी पूरी टीम का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। आश्रम अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने बताया कि वृंदावन के सुप्रसिद्ध कथावाचक का आगमन क्षेत्र के लिए अत्यंत मंगलकारी है। आचार्य देवव्रत जी महाराज अपनी ओजस्वी वाणी, गहन शास्त्रीय ज्ञान और भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्तिमय वातावरण का सृजन करते हैं, जो श्रद्धालुओं को भगवान से जोड़ता है। सह संयोजक रंजीत कुमार के अनुसार, कार्यक्रम के प्रथम दिवस 19 मार्च, गुरुवार को प्रातः गुरु पूजन एवं कलश स्थापना के उपरांत सुबह 8 बजे दिव्य झांकी के साथ नगर भ्रमण हेतु भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात 19 मार्च से 27 मार्च तक, जो कि राम नवमी के पावन दिन पर संपन्न होगी, प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है तथा बाहर से आने वाले भक्तों के ठहरने और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। इस महायज्ञ एवं कथा को सफल बनाने में दिलीप केसरी, चंद्रशेखर प्रसाद, पुजारी सुधीर पांडे, अशोक कुमार सिंह, डॉ. मीनू मिश्रा, अजय कुमार, पप्पू कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार एवं शैलेश बाजपेई सहित अनेक श्रद्धालु सक्रिय योगदान दे रहे हैं। यह आयोजन क्षेत्र में भक्ति, ज्ञान एवं आध्यात्मिक जागरण का केंद्र बनेगा।

### आर्म्स एक्ट मामले में दोषी को कड़ी सजा, 3 साल का कारावास

**बीएनएम @ मोतिहारी**। सशक्त साक्ष्य एवं समर्पित चार्जशीट के आधार पर त्वरित विचारण करते हुए न्यायालय ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में दोषी को कड़ी सजा सुनाई है। अनिश कुमार प्रभात (जेएम प्रथम श्रेणी), पूर्वी चंपारण, मोतिहारी द्वारा मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-607/21 में अभियुक्त उदय कुमार (पिता- जीत नारायण भगत, निवासी- टेकहा टोला मुशहरी, थाना- मुफ्फसिल, जिला- पूर्वी चंपारण) को दोषी पाते हुए सजा सुनाई गई। न्यायालय ने आरोपी को धारा 25(1-B)(a) आर्म्स एक्ट के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5,000 रुपये जुर्माना की सजा दी। जुर्माना अदा नहीं करने पर अतिरिक्त 3 माह का कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा धारा 26 आर्म्स एक्ट के तहत 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2,000 रुपये जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास निर्धारित किया गया है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से शिव कुमार ने प्रभावी पैरवी की, जबकि अनुसंधानकर्ता मुफ्फसिल थाना के प्रमोद कुमार यादव थे।

# एनकाउंटर के बाद सख्त एक्शन: अपराधियों की जड़ तक पहुंची पुलिस

**सागर सूरज**




**मोतिहारी** । मोतिहारी में STF जवान की शहादत के बाद पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ निर्णायक अभियान छेड़ दिया है। जिले के एसपी स्वर्ण प्रभात के नेतृत्व में पुलिस अब केवल सतही कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे आपराधिक नेटवर्क की जड़ें खोदने में जुट गई है। इस दिशा में आज प्राथमिकी दर्ज करते हुए पांच अन्य लोगों की गिरफ्तारी की गई है, जिससे स्पष्ट है कि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों के खिलाफ अब कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

मोतिहारी के चकिया थाना क्षेत्र के सिहोरवा गांव में कुख्यात अपराधी कुंदन ठाकुर और STF के बीच हुई मुठभेड़ के मामले में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक लोगों को अभियुक्त बनाया है। अब तक पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और उनसे गहन पूछताछ जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुंदन ठाकुर जिले के एक बड़े आपराधिक गिरोह से जुड़ा था और हाल के दिनों में अपना अलग गैंग बनाकर इलाके में दबदबा कायम करने की कोशिश कर रहा था।

**जप्त हथियारों की गंभीरता से जांच कर रही पुलिस**-मुठभेड़ के दौरान इस्तेमाल किए गए हथियारों की पुलिस गहन जांच कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास हो रहा है कि पिस्टल और कार्बाइन जैसे हथियार कहां से आए और इन्हें किसने उपलब्ध कराया। इसके साथ ही यह भी जांच का विषय है कि कुंदन ठाकुर को किसका संरक्षण प्राप्त था। पुलिस को आशंका है कि इस मामले में कई और लोगों के नाम सामने आ सकते हैं।

**संत तिवारी, उनके बेटे और कुंदन ठाकुर के साले भी गिरफ्तार**-पुलिस ने इस मामले में संत तिवारी, उनके बेटे और कुंदन ठाकुर के साले को भी गिरफ्तार किया है। उनसे यह जानने की कोशिश की जा रही है कि उन्होंने अपराधियों को अपने घर में क्यों पनाह दी। एक ही स्थान से भारी मात्रा में हथियारों की बरामदगी कई गंभीर सवाल खड़े करती है, जिनका जवाब तलाशने में पुलिस जुटी है।

पुलिस ने कुंदन ठाकुर से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे आपराधिक नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित की जा सके।

इस सख्त और सुनियोजित कार्रवाई से यह साफ है कि मोतिहारी पुलिस अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। STF जवान की शहादत को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा और अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

## सूखा नशा अभियान: केसरिया व आदापुर से दो कारोबारी गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। जिले में चलाए जा रहे "सूखा नशा अभियान" के तहत पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए दो गांजा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में पुलिस ने मादक पदार्थ, नकदी व अन्य सामान बरामद किए हैं। पहली कार्रवाई केसरिया थाना क्षेत्र में की गई। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कढ़ान गांव निवासी राम एकबाल राय के घर छापेमारी की। तलाशी के दौरान करीब 2 किलो 980 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ, 64,300 रुपये नकद, इलेक्ट्रॉनिक तराजू और गांजा पैक करने के लिए प्लास्टिक पुड़िया बरामद की गई। मौके से ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष राहुल कुमार, सीमा कुमारी, एएलटीएफ प्रभारी प्रफुल कुमार (चकिया अनुमंडल) सहित सशस्त्र बल शामिल थे। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरी कार्रवाई आदापुर थाना क्षेत्र में हुई। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने भवानी गांव स्थित एक किराना दुकान में छापेमारी कर 58.55 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया। इस दौरान दुकान संचालक जयचंद्र प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया। वह स्वर्गीय नंदा साह का पुत्र है और भवानी गांव का निवासी बताया गया है। इस मामले में भी संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस ने कहा है कि मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध कारोबार में शामिल लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भारत-नेपाल सीमा पर मानव तस्करी रोकने को एनजीओ एकजुट, रक्सौल में समन्वय बैठक आयोजित

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। जिला के रक्सौल स्थित निर्मला पैलेस में बुधवार को न्याय नेटवर्क प्रोजेक्ट (डंकन अस्पताल) के तत्वावधान में तथा इंटर एजेंसी ग्रुप, पूर्वी चंपारण के संयुक्त प्रयास से एक महत्वपूर्ण एनजीओ समन्वय बैठक बुधवार को आयोजित की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता इंटर एजेंसी ग्रुप के संयोजक अमर ने की, जबकि संचालन न्याय नेटवर्क परियोजना प्रबंधक प्रणय सोमीत मोहंती ने किया। इस बैठक का शुभारंभ करते हुए अमर ने कहा कि भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र लंबे समय से विकास, शिक्षा और रोजगार के अवसरों से वंचित रहा है। साथ ही, हर वर्ष आने वाली प्राकृतिक आपदाओं के कारण मानव तस्करी, बाल मजदूरी, बाल विवाह, कुपोषण और संचार व्यवस्था की कमी जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं, जो सरकारी उदासीनता के कारण और गंभीर होती जा रही हैं। वहीं बैठक में उपस्थित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि बच्चों को मानव तस्करी, शोषण एवं अन्य अपराधों से बचाने के लिए सभी संस्थाएं आपसी समन्वय और सहयोग के साथ कार्य करेंगी। इसके साथ ही सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान, शीघ्र कार्रवाई और पीड़ित बच्चों के पुनर्वास हेतु एक सशक्त नेटवर्क तैयार करने पर भी सहमति बनी।सभी सदस्यों ने समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर बिहार इंटर एजेंसी ग्रुप, आशीष परियोजना नेपाल, माइती नेपाल, ग्राम नियोजन केंद्र, बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रेन), चाइल्ड हेल्पलाइन, प्रयास संस्था, स्वच्छ रक्सौल, माहेर ममता निवास, प्रथम संस्था, नेत्रिका फाउंडेशन, सीबीआर प्रोजेक्ट, करुणा प्रोजेक्ट सहित भारत और नेपाल के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में न्याय नेटवर्क परियोजना निदेशक जॉन थो, कामेश पॉल, गौरव कुमार राव, राकेश कुमार, मथुरा राम, हामिद रज़ा, आरती कुमारी, ज्योति सिंह, संजय मिश्रा एवं अनिरुद्ध कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## श्रीनारायण सिंह महाविद्यालय में लैंगिक समानता एवं संवेदनशीलता पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। शहर के श्रीनारायण सिंह महाविद्यालय में पी.एम.- उषा योजना के अंतर्गत लैंगिक संवेदनशीलता एवं समानता कार्यशाला का सफल आयोजन बुधवार को किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लैंगिक समानता, जागरूकता एवं सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद बैठा और अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। प्राचार्य डॉ. विनोद बैठा ने छात्र-छात्राओं को सभी के प्रति सम्मान रखने, सहयोगपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार के भेदभाव से बचने की सलाह दी। कार्यक्रम में एम.एस. कॉलेज, मोतिहारी से डॉ. विदुषी दीक्षित तथा भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष ने अतिथि वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. विभावरी सिंह ने भारतीय समाज के अंतर्विरोध को उजागर किया और महिलाओं के प्रति पुरुषों की संवेदनशीलता को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ.विदुषी दीक्षित ने विषय को कानूनी दृष्टिकोण से समझाते हुए घरेलू हिंसा से लेकर कार्यस्थल पर उत्पीड़न तक के विभिन्न कानूनों एवं महिलाओं के अधिकारों पर बात की। वहीं डॉ. दुर्वादल भट्टाचार्य ने लिंग (Sex) एवं जेंडर (Gender) के बीच अंतर को स्पष्ट किया तथा पी.एम.-उषा के अंतर्गत आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित कुमार सातनाकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मनीष कुमार यादव ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को पी.एम.-उषा के अंतर्गत आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. मिंकेश चौधरी, प्रो. बृजकिशोर राम, डॉ. रूपेश कुमार, डॉ. सुरेश नारायण, डॉ.सुधा कुमारी, डॉ. रेणु कुमारी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. रुदल सिंह सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे साथ ही महाविद्यालय के कर्मचारी रामकृष्ण विजय, यशवंत, मनोज कुमार आदि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वक्ताओं से प्रश्न भी पूछे और लिंग संवेदनशीलता के प्रति अपनी जागरूकता प्रदर्शित की।

## रमज़ान की रौनक: फलाह क़ौम-ए-मिल्लत कॉन्फ्रेंस में हफ़्फ़ाज़-ए-कराम का सम्मान

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। रमज़ान के मुबारक महीने में इबादत और परहेज़गारी के माहौल के बीच तंज़ीम-ए-उलेमा-ए-अहले-सुन्नत-ए-जमात, मेहसी शरीफ़ द्वारा पूर्वी बथाना में "फलाह क़ौम-ए-मिल्लत कॉन्फ्रेंस" का भव्य आयोजन बुधवार को किया गया। संस्था ने अपनी परंपरा को जारी रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका मुख्य उद्देश्य उन नौजवान हफ़्फ़ाज़-ए-कराम को सम्मानित करना था, जिन्हें पहली बार तरावीह की नमाज़ में कुरान शरीफ़ पढ़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस रोशन महफ़िल में जिला के मेहसी ब्लॉक की विभिन्न मस्जिदों से जुड़े पाँच हफ़्फ़ाज़—ज़िया अल-मुस्तफ़ा, नवरेज़ आलम, चाँद रज़ा, मुहम्मद राहेल और तबरेज़ आलम—को विशेष उपहार एवं सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही, कम उम्र में रोज़ा रखने वाले बच्चों मुहम्मद रज़ा (8 वर्ष) और मुहम्मद अहसान रज़ा (7 वर्ष) का भी हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम इशा और तरावीह की नमाज़ के बाद शुरू हुआ। मुख्य वक्ताओं में हज़रत मुफ़्ती कुतुबुद्दीन रिज़वी साहब ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में ईमान की हिफ़ाज़त पर ज़ोर देते हुए समाज को सही दिशा में चलने की नसीहत दी। हज़रत मुफ़्ती शमीम रज़ा इस्माइली साहब ने हफ़्फ़ाज़ की मेहनत और उनकी अहमियत को भावुक शब्दों में बयान किया। हज़रत कारी महबूब रज़ा शबनम रिज़वी साहब ने रमज़ान की आख़िरी रातों की अहमियत को उजागर करते हुए इबादत की तरफ़ ध्यान दिलाया, वहीं हज़रत हाफ़िज़ शहाबुद्दीन साहब ने नमाज़ की फ़ज़ीलत और जमात की अहमियत पर रोशनी डाली। कार्यक्रम के अंत में नात और मनक़बत की पेशकश ने माहौल को रूहानी बना दिया। हज़रत कारी नासिर, हज़रत सज्जाद शम्स हलीमी और हज़रत मकसूद नादिर फ़ैज़ी की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और "लब्बैक या रसूल अल्लाह" के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। इस आयोजन के अंत में संस्था के सदस्यों ने भविष्य में इस कार्यक्रम को मेहसी ब्लॉक की हर मस्जिद तक पहुंचाने का संकल्प लिया और समाज के लोगों से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम का संचालन हज़रत मौलाना सुफ़यान ज़िया ने बेहतरीन ढंग से किया। इस अवसर पर कई प्रमुख उलेमा और सामाजिक हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें मौलाना सिद्दीक रज़ा हैदरी, मौलाना मुशाहिद रज़ा अलीमी, मौलाना इफ़्तिखार अहमद रिज़वी, अशरफ़ रज़ा मज़हरी और मौलाना महबूब आलम शामिल थे।

## मनरेगा योजना की प्रगति की समीक्षा, लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक बुधवार को आयोजित की गई। उक्त बैठक में निदेशक, एन.ई.पी., जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), कार्यपालक अभियंता (मनरेगा), सहायक अभियंता (मनरेगा), डी.आर.पी. सोशल ऑडिट, कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), कनीय अभियंता (मनरेगा) एवं पंचायत तकनीकी सहायक उपस्थित थे। वहीं एनुअल एक्शन प्लान की समीक्षा के दौरान बताया गया कि एक सप्ताह में जिला स्तर पर 10,361 योजनाओं की प्रगति हुई है। इस पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में 40 योजनाओं की प्रविष्टि युक्तिधारा पोर्टल पर सुनिश्चित करें। कार्य पूर्णता की समीक्षा में पाया गया कि राज्य का औसत 86.64% तथा जिले का औसत 85.72% है। कई प्रखंडों की प्रगति इससे कम पाई गई, जिनमें केसरिया (75.63%), फेनहारा (78.18%), चकिया (79.38%), पकड़ीदयाल (80.32%), आदापुर (80.90%), छौड़ादानो (81.03%), घोड़ासहन (81.43%), ढाका (81.39%), संग्रामपुर (82.10%), तुरकौलिया (83.03%), पताही (83.74%), मधुबन (83.90%), पीपराकोठी (84.98%), अरेराज (85.07%) एवं चिरैया (85.50%) शामिल हैं। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को मास्टर प्लान बनाकर 90% उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। पीएमएवाई-जी कन्वर्जेन्स के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 46,135 एवं 2025-26 में 45,508 योजनाएँ नरेगा सॉफ्ट पर पूर्ण दर्शाई गई हैं, जबकि पीएमएवाई-जी सॉफ्ट पर 91,643 योजनाएँ पूर्ण हैं। कुल 14,610 का अंतर पाया गया। निर्देश दिया गया कि सभी योजनाओं को शीघ्र अद्यतन किया जाए एवं योजना कोड जनरेट कर मस्टर रोल निर्गत किया जाए। जियो टैगिंग की समीक्षा में पाया गया कि फेज-1 में 29, फेज-2 में 1,818 एवं फेज-3 में 3,803 मामले लंबित हैं। पिछले सप्ताह में क्रमशः 87, 2,115 एवं 6,036 की प्रगति हुई है। सभी लंबित मामलों को एक सप्ताह में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सक्रिय मनरेगा मजदूरों के ई-केवाईसी में जिले की उपलब्धि 81.09% एवं राज्य की 78.65% है। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर 90% ई-केवाईसी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अयोग्य एवं पलायित जॉब कार्डधारियों की पंचायतवार सूची संधारित करने को कहा गया। मानव दिवस के अंतर्गत केवल 1,146 मजदूरों को 100 दिन का रोजगार प्राप्त हुआ है, जबकि 36,474 परिवारों ने 81-99 दिन कार्य किया है। सभी पात्र परिवारों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सामाजिक अंकेक्षण के तहत Financial Deviation, Process Violation, Financial Misappropriation एवं Grievance से संबंधित सभी लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। खेल मैदान योजना के अंतर्गत जिले में 308 मैदान चिन्हित हैं, जिनमें 306 पूर्ण हैं। चकिया एवं केसरिया में एक-एक मैदान लंबित है। संबंधित अधिकारियों को दो दिनों में कार्य पूर्ण कर पोर्टल पर अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही शेष 120 ग्राम पंचायतों में नए खेल मैदान चयन हेतु कार्रवाई करने को कहा गया। समीक्षा में यह भी पाया गया कि वर्ष 2025-26 के कुछ मैटेरियल वाउचर की प्रविष्टि लंबित है। संबंधित अधिकारियों को शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## एमएस कॉलेज में लैंगिक समानता की अलख: "जेंडर सेंसिटाइजेशन एंड इक्विटी वर्कशॉप" का सफल आयोजन

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। नगर के एम.एस कॉलेज एवं एल.एन.डी. कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) के अंतर्गत "जेंडर सेंसिटाइजेशन एंड इक्विटी वर्कशॉप" (लैंगिक संवेदनशीलता एवं समता कार्यशाला) का सफल आयोजन बुधवार को किया गया। यह कार्यक्रम समसामयिक सामाजिक संदर्भों में अत्यंत प्रासंगिक विषय—लैंगिक समानता और संवेदनशीलता—पर केंद्रित रहा, जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक़ ने अतिथि वक्ताओं का हार्दिक स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि लैंगिक समानता केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि एक न्यायपूर्ण और समावेशी समाज की आधारशिला है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों में संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने हेतु अत्यंत आवश्यक बताया।एल.एन.डी. कॉलेज से पधारे डॉ. रवि रंजन सिंह ने प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने का प्रयास है, बल्कि सामाजिक जागरूकता को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने लैंगिक समानता को सतत विकास का एक महत्वपूर्ण आधार बताया। पटना विमेंस कॉलेज से पधारीं मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. फरहत जबीन ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से संवादात्मक शैली में लैंगिक संवेदनशीलता के विभिन्न आयामों को स्पष्ट किया। उन्होंने जेंडर को एक सामाजिक निर्मिति के रूप में व्याख्यायित करते हुए उसके मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं भाषाई स्तरों पर व्याप्त लैंगिक भेदभाव एवं पूर्वाग्रहों को रेखांकित करते हुए इनके उन्मूलन हेतु सकारात्मक पहल की आवश्यकता पर बल दिया। इसी क्रम में राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. प्राची राज ने जेंडर की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए थर्ड जेंडर के परिप्रेक्ष्य को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया। उन्होंने समाज में प्रचलित रूढ़ मान्यताओं और पूर्वाग्रहों की आलोचनात्मक समीक्षा करते हुए विभिन्न क्षेत्रों के उदाहरणों के माध्यम से लैंगिक समानता के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन महाविद्यालय के पीएम-उषा कोऑर्डिनेटर डॉ. गौरव भारती द्वारा किया गया। प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु एक रोचक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. शफीकुर रहमान, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. अलोक कुमार पांडेय, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. अवनीश कुमार मिश्र, ओम प्रकाश राय—तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह कार्यशाला न केवल लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रही, बल्कि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच संवाद, सहभागिता और संवेदनशीलता को भी सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## घरेलू गैस सिलेंडरों का होटलों में अवैध उपयोग पकड़ा गया, 7 सिलेंडर जब्त

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा द्वारा बुधवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सदर मोतिहारी कृष्णकांत के साथ मोतिहारी के गांधी चौक स्थित जमुना होटल एवं अन्य दो होटलों में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान होटलों में घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित कुल सात गैस सिलेंडर पाए गए, जिन्हें तत्काल जब्त कर लिया गया। इस संबंध में होटल संचालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने जानकारी दी कि संबंधित संचालकों के खिलाफ टाउन थाना में मामला दर्ज कराया जा रहा है।अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में गैस सिलेंडर की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में न करें। इस प्रकार के अवैध उपयोग के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। अतः आमजन घबराएं नहीं और अपनी आवश्यकता के अनुसार ही सिलेंडर बुक करें। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे गैस गोदाम पर जाने के बजाय होम डिलीवरी सुविधा का ही लाभ उठाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### चैत्र नवरात्रि आज से प्रारंभ, पताही प्रखंड में भक्तिमय माहौल

**बीएनएम @ पताही**। चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही पताही प्रखंड क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बन गया है। बृहस्पतिवार को पहले दिन श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ कलश स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करेंगे एवं सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे क्षेत्र में भक्ति की धारा बहने लगी। प्रखंड के विभिन्न गांवों में नवरात्रि को लेकर खास तैयारी की गई है। मंदिरों एवं पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और जागरण का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। महिलाओं एवं युवतियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है, जो उपवास रखकर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा कर रही हैं। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। श्रद्धालुओं का मानना है कि सच्चे मन से मां की आराधना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। वहीं, नवरात्रि को लेकर स्थानीय प्रशासन भी सतर्क है। भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। साफ-सफाई एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। नवरात्रि के अवसर पर पूरे पताही प्रखंड में आस्था, श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। श्रद्धालु पूरे नौ दिनों तक माता रानी की पूजा-अर्चना में लीन रहेंगे।

### पंजाब से लौट रहे मजदूर का शव पोखर से बरामद, मौत संदिग्ध

**बीएनएम @ तुरकौलिया**। थाना क्षेत्र के गोविंदापुर गांव स्थित एक पोखर से एक युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान केसरिया थाना क्षेत्र के दिलबेनीपुर टोला रामाज्ञा निवासी पूजन राय के पुत्र बुनिलाल कुमार यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बुनिलाल कुमार यादव पंजाब के लुधियाना में मजदूरी करता था और हाल ही में घर लौट रहा था। परिजनों के अनुसार, उसकी आखिरी बार बातचीत नरकटियागंज रेलवे स्टेशन तक हुई थी, इसके बाद उससे संपर्क टूट गया। परिजन उसके घर पहुंचने का इंतजार कर रहे थे, तभी उसके मौत की सूचना मिली, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। इधर, स्थानीय लोगों द्वारा पोखर में शव तैरने की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी पहचान सुनिश्चित हुई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि कहीं मृतक नशाखुरानी गिरोह का शिकार तो नहीं हो गया। परिजनों का कहना है कि युवक घर लौट रहा था, लेकिन उसका शव तुरकौलिया में कैसे पहुंचा, यह एक बड़ा सवाल है। साथ ही उसका मोबाइल, बैग और पैसे भी गायब बताए जा रहे हैं। थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी ने बताया कि मामले की जांच वैज्ञानिक तरीके से की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल परिजनों की ओर से आवेदन नहीं दिया गया है।

### अंचलाधिकारियों के सामूहिक अवकाश से मची अफरा-तफरी

**राजस्व सेवा संवर्ग ने सरकार पर लगाया हकमारी का आरोप**

**बीएनएम@ पटनाः** बिहार में अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारियों की हड़ताल ने सरकार और बिहार राज्य राजस्व सेवा संयुक्त महासंघ के बीच टकराव को एक नए स्तर पर पहुँचा दिया है। 9 मार्च से सामूहिक अवकाश पर गए इन अधिकारियों की हड़ताल के कारण राज्य भर में जमीन से जुड़े प्रशासनिक कार्य पूरी तरह ठप हैं। सरकार जहाँ लगभग 300 अधिकारियों के काम पर लौटने का दावा कर रही है, वहीं संघ के नेताओं—रजनीकांत और जितेंद्र पांडेय ने इस दावे को पूरी तरह खारिज करते हुए आंदोलन के और मजबूत होने की बात कही है।इस पूरे विवाद की मुख्य जड़ भूमि सुधार उप समाहर्ता के पदों पर नियुक्ति को लेकर है। राजस्व सेवा संवर्ग के अधिकारियों का आरोप है कि सरकार ने इन पदों पर 'बिहार प्रशासनिक सेवा' के अधिकारियों की तैनाती कर उनके अधिकारों का हनन किया है। संघ की स्पष्ट मांग है कि डीसीएलआर के पद पूर्व की भांति केवल राजस्व सेवा के अधिकारियों के लिए ही आरक्षित किए जाएं। संघ ने सरकार पर उच्च न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी का भी आरोप लगाया है और चेतावनी दी है कि जब तक कैबिनेट स्तर पर ठोस फैसला नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नरमी दिखाते हुए कहा है कि कई अधिकारी काम पर लौट आए हैं और जिलाधिकारियों को उन्हें सेवा में योगदान दिलाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि 24 घंटे के भीतर लौटने वाले अधिकारियों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। फिलहाल, इस खींचतान का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है, क्योंकि अंचलों में दाखिल-खारिज और अन्य महत्वपूर्ण राजस्व कार्य बाधित हैं।

### ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में युवक की मौत, तीन घायल

**बीएनएम@ भागलपुर**। भागलपुर जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र अंतर्गत बाखरपुर-धनपाल टोला मुख्य मार्ग पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना तब हुई जब धनपाल टोला चौक की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि बाइक सवार एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।मृतक की पहचान बाखरपुर पश्चिमी टोला निवासी प्रकाश मंडल के पुत्र सिंटू कुमार के रूप में हुई है। इस हादसे में गोलू कुमार, रवि कुमार और मिथुन कुमार भी गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तत्काल पीरपैंती अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार जारी है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। सूचना मिलते ही बाखरपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुँचकर ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# शक्तिश्वरी देवी की भावपूर्ण कथा ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

बीएनएम @ मोतिहारी





**मोतिहारी**। विराट नगर स्थित श्री जी सत्संग समिति के तत्वावधान में नगर के राधा-कृष्ण सीकरीया फार्मेसी कॉलेज के राधा कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित राधा-कृष्ण कथा के चौथे दिवस पर आध्यात्मिक भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। परम श्रद्धेय जगद्गुरु श्री राम कृपालु जी महाराज, प्रेम मंदिर वृन्दावन की शिष्या सुश्री शक्तिश्वरी देवी द्वारा प्रस्तुत कथा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति-रस में पूर्णतः निमग्न कर दिया। अपने ओजस्वी और भावपूर्ण प्रवचन में शक्तिश्वरी देवी ने राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम प्रसंगों का अत्यंत मार्मिक एवं दार्शनिक विवेचन किया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए कीर्तन एवं भजन ने ऐसा वातावरण निर्मित किया, जिसमें श्रद्धालु भाव-विभोर होकर अश्रुधारा बहाते हुए नृत्य एवं संकीर्तन में लीन हो गए। संपूर्ण परिसर में भक्ति, प्रेम और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्वितीय संचार अनुभव किया गया। उक्त कार्यक्रम के समापन पर पारंपरिक आरती का आयोजन हुआ, जिसमें सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं समर्पण के साथ सहभागिता निभाई। कथा की प्रभावशीलता पर प्रकाश डालते हुए यमुना सीकरीया ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है मानो स्वयं कृपालु जी महाराज का सान्निध्य प्राप्त हो रहा हो। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिनमें महिलाओं की सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय थी। कार्यक्रम की सराहना करते हुए डॉ. रमेश कुमार, भाजपा युवा नेता यमुना सीकरीया एवं अनिल प्रसाद ने इसे अत्यंत प्रेरणादायक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध आयोजन बताया। इस प्रकार, यह कथा आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि समाज में प्रेम, भक्ति और सांस्कृतिक चेतना के संवर्धन का एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ।

## जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा में श्रेया भारती ने लहराया सफलता का परचम

बीएनएम @ तुरकौलिया



**तुरकौलिया**। प्रखंड क्षेत्र की छात्रा श्रेया भारती ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर इलाके का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। श्रेया भारती, तुरकौलिया के हॉस्पिटल कॉलोनी गांधी घाट निवासी विजय कुमार की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन के बल पर इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से उनके विद्यालय और माता-पिता का भी नाम गौरवान्वित हुआ है। श्रेया ने अपनी तैयारी कौटिल्या एजुकेशन एक्सप्रेस, बोरिंग चौक, तुरकौलिया में शिक्षकों के मार्गदर्शन में की। उन्हें देवेंद्र कुमार सरदार, बब्लू कुमार, सोहन कुमार और लालबाबू कुमार का विशेष सहयोग मिला। गौरतलब है कि इसी संस्थान के छात्रों ने पूर्व में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसी वर्ष कोरैया के ऋतिक कुमार और नया टोला के शिवम कुमार ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की थी। वहीं, पिछले वर्ष स्कूल चौक के मयंक कुमार और शिवम कुमार ने भी सैनिक स्कूल में चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया था। संस्थान के निदेशक जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान में छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन और विशेष तैयारी कराई जाती है, ताकि वे प्रतिष्ठित विद्यालयों में प्रवेश पा सकें।

## पुरानी रंजिश ने लिया हिंसक रूप, एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल

बीएनएम @ रामगढ़वा



**रामगढ़वा**। पलनवा थाना क्षेत्र के सिसवनिया गांव, वार्ड संख्या 09 में बुधवार को भूमि विवाद और पुरानी रंजिश को लेकर दो पट्टीदारों के बीच जमकर हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चाँद तारा खातून, नथु गद्दी, सहीम गद्दी और फहीम गद्दी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि नथु गद्दी अपनी जमीन पर मकान निर्माण करा रहे थे, तभी पूर्व से चली आ रही रंजिश के चलते एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को उकसा दिया। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। हमले में सभी घायलों के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, मोतिहारी रेफर कर दिया। घटना के पीछे एक पुराना आगजनी का मामला बताया जा रहा है, जिसमें घायल पक्ष ने गवाही दी थी। इसी गवाही से नाराज होकर आरोपित पक्ष लंबे समय से रंजिश रखे हुए था और मौका मिलते ही हमला कर दिया। इस संबंध में पीड़ित नथु गद्दी ने पलनवा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## संपूर्ण क्रांति ग्राम स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमार हर्ष राजपूत के निधन पर शोक सभा आयोजित

बीएनएम @ अरेराज



**अरेराज**। संपूर्ण क्रांति ग्राम स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमार हर्ष राजपूत के आकस्मिक निधन से राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके सम्मान में आज दिनांक 18 मार्च 2026 को जिला कार्यालय मोतिहारी में जिला अध्यक्ष उमेश कुमार दूबे के नेतृत्व में अपराह्न 3:30 बजे एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में कार्यकर्ताओं ने कुमार हर्ष राजपूत के त्याग, शांतिपूर्ण व्यक्तित्व और उनकी कर्मठता को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके निधन को पार्टी के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के बिहार प्रदेश सचिव भाग्य नारायण चौधरी, वरिष्ठ नेता राघव जी, हरि जी और दिनेश चंद्र झा उपस्थित रहे। साथ ही गांधी विचार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह अंतरराष्ट्रीय प्रभारी नेताजी एस. राजीव राज, राष्ट्रीय महासचिव आनंद तिवारी और अधिवक्ता तिवारी जी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में 'हे राम, हे राम' के उद्घोष के साथ सभा का समापन हुआ।

## डुमरियाघाट में हत्या मामले में फरार आरोपी के घर कुर्की, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

बीएनएम@डुमरियाघाट



स्थानीय थाना क्षेत्र के धनगढ़हा गांव में बुधवार को पुलिस ने हत्या के मामले में कांड संख्या 15/25 में फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुर्की की कार्रवाई की। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर की गई। मिली जानकारी के अनुसार, फरार चल रही व्यास गिरी की पत्नी सुमित्रा देवी के घर पर पुलिस टीम पहुंची और विधि-सम्मत तरीके से कुर्की की प्रक्रिया पूरी की। इससे पहले पुलिस द्वारा काफी समय पूर्व ही आरोपी के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया था और आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई थी। बावजूद इसके आरोपी ने आत्मसमर्पण नहीं किया, जिसके बाद कोर्ट के निर्देश पर यह सख्त कदम उठाया गया। बताया जाता है कि जनवरी 2025 में धनगढ़हा गांव में आपसी विवाद के दौरान कहासुनी हुई थी, जो धीरे-धीरे हिंसक झड़प में बदल गई। इस दौरान ब्यास गिरी एवं अन्य लोगों ने मिलकर अपने ही पाटीदार सुभाष गिरी पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर घायल को इलाज के लिए नजदीकी चिकित्सक के पास पहुंचाया। स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी 50 वर्षीय सुभाष गिरी के रूप में हुई। इस घटना के बाद मृतक की पुत्री ने स्थानीय थाना में छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपी केशव कुमार और ब्यास गिरी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, अन्य फरार आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। पुलिस द्वारा पहले उनके घरों पर इश्तेहार चिपकाया गया था, लेकिन आत्मसमर्पण नहीं करने पर अब कुर्की की कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार बालेंदु ने बताया कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 20 लाख श्रमिकों की मजदूरी ठप, 850 करोड़ का बकाया

बीएनएम @ पटना

» बिहार में 14 जनवरी से नहीं हुआ भुगतान
» फंड की कमी से हांफ रही मनरेगा



**पटना** |बिहार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) वर्तमान में गहरे वित्तीय संकट के दौर से गुजर रहा है। पिछले दो महीनों से मजदूरी का भुगतान ठप होने के कारण प्रदेश के लगभग 20 लाख श्रमिकों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। आंकड़ों के अनुसार, बकाया मजदूरी की राशि करीब 850 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कमर टूट रही है।ग्रामीण विकास विभाग के मुताबिक, 14 जनवरी के बाद से केंद्र सरकार से फंड मिलने में देरी के कारण भुगतान बाधित है। स्थिति की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सामग्री मद का बकाया भी 4300 करोड़ रुपये के पार हो गया है। हालांकि केंद्र ने हाल ही में 200 करोड़ रुपये जारी किए हैं, लेकिन यह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। मजदूरी न मिलने से श्रमिकों का मोहभंग हो रहा है और प्रतिदिन काम करने वालों की संख्या घटकर महज 4.5 से 5 लाख रह गई है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने केंद्र से जल्द बकाया राशि जारी करने का अनुरोध किया है ताकि भुखमरी की कगार पर खड़े मजदूरों को राहत मिल सके।

## नशा विरोधी अभियान के तहत दुकानदार गिरफ्तार, भारी मात्रा में गांजा और धूम्रपान सामग्री बरामद

बीएनएम @ अरेराज



**अरेराज**। थाना क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान को लेकर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में जनेरवा गांव के निवासी संदीप प्रसाद को प्रतिबंधित मादक पदार्थों के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त सरयू प्रसाद का पुत्र बताया जा रहा है, जो अपनी दुकान की आड़ में नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार कर रहा था। पुलिस की इस छापेमारी के दौरान अभियुक्त के पास से कुल 71 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। नशीले पदार्थों के साथ-साथ पुलिस ने बड़ी मात्रा में नशे के सेवन के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरण और सामग्री भी जब्त की है, जिसमें 78 पीस गोगो, 28 पीस चिलम और 62 पीस थिन पेपर (सिगरेट पेपर) शामिल हैं। यह कार्रवाई क्षेत्र में सूखे नशे के बढ़ते चलन को रोकने की दिशा में पुलिस की एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है। थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि इस कारोबार के तार और कहां-कहां जुड़े हैं और इस नेटवर्क में कौन-कौन शामिल है। फिलहाल पुलिस की इस तत्परता से स्थानीय लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है और पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नशे के सौदागरों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## पूर्व विधायक शशि भूषण सिंह ने किया भव्य दावत-ए-इफ्तार का आयोजन, जुटे क्षेत्रवासी

बीएनएम@ रामगढ़वा (विजय कुमार)



**रामगढ़वा (विजय कुमार)**। रामगढ़वा प्रखंड स्थित मदरसा फलाहुल मुस्लिमीन के प्रांगण में सुगौली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह राजद नेता शशि भूषण सिंह द्वारा भव्य दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में रोजेदारों के साथ-साथ सभी धर्मों के लोग शामिल हुए और एक साथ बैठकर इफ्तारी कर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इफ्तार से पूर्व धर्मगुरुओं ने देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआएं कीं। इसके बाद सभी लोगों ने मिलकर दस्तरख्वान पर इफ्तारी की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शशि भूषण सिंह ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना हमें संयम, धैर्य और इंसानियत का संदेश देता है, और आज की उपस्थिति यह दर्शाती है कि रामगढ़वा में गंगा-जमुनी तहजीब आज भी जीवंत है। इस अवसर पर इमाम इस्लाम, मुफ्ती जेयाउल हक कासमी, मोहम्मद मूसा, मुखिया नसीबुल हक, सफुल्लाह मुखिया, शेख वहाब, युवा राजद अध्यक्ष मुकेश यादव, साहेब यादव, पूर्व मुखिया अर्जुन प्रसाद, पप्पू मियां, बबलू आलम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। साथ ही सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं में मुकेश यादव, मिथिलेश पासवान, जय किशोर यादव, सुरेंद्र पटेल, फरमान मियां, सुरेंद्र यादव, राजेश यादव, अरशद अली मुन्ना, अजहर जावेद, रजाउर रहमान, शमशुल जोहा अंसारी, मोहम्मद एकराम और मोहम्मद इरफान सहित कई लोग उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रमुख पति विशाल गुप्ता, जिप पति मोहम्मद कमरुद्दीन, बबलू यादव, पूर्व मुखिया तारिक जमाल, कुणाल सिंह, नफीस आलम और अनीश आलम सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग एवं प्रबुद्ध नागरिक कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र में एकता और भाईचारे की मिसाल बताया।

# केंद्र का दिशा-निर्देश

इस बहुलता भरे देश में असहमत विचार और विरोधी भावनाओं की एक सीमा से ज्यादा अनदेखी विपरीत परिणाम दे सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि केंद्र असहमत समूहों के साथ संवाद कायम करने का नजरिया अपनाए।

पूरे भारत को अपनी विचारधारा के रंग में ढालने की मुहिम में जुटी नरेंद्र मोदी सरकार को ऐसे कदमों पर हो रही प्रतिक्रियाओं को लेकर अवश्य सचेत रहना चाहिए। इस बहुलता भरे देश में असहमत विचार और विरोधी भावनाओं की एक सीमा से ज्यादा अनदेखी विपरीत परिणाम दे सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि सरकार असहमत समूहों के साथ संवाद कायम करने का नजरिया अपनाए। इस हफ्ते ऐसी दो घटनाएं हुईं, जिन्हें केंद्र के अति-उत्साह की प्रतिक्रिया समझा जाएगा।

बीते 28 जनवरी को केंद्र ने दिशा-निर्देश जारी कर राष्ट्रगान से पहले राष्ट्रगीत गाना और वंदे मातरम के सभी छह स्तोत्र गाना अनिवार्य कर दिया था। गुजरे मंगलवार को नगालैंड विधानसभा ने इस मुद्दे को प्रवर समिति को भेजने का फैसला किया कि क्या ये दिशा-निर्देश उस राज्य पर भी लागू होता है। इसके पहले बजट सत्र की शुरुआत पर पहली बार गन-गण-मन से पहले सदन में वंदे मातरम गाया गया। उस पर भाजपा को छोड़ सभी दलों के सदस्यों ने आपत्ति जताई। उनमें सत्ताधारी गठबंधन में शामिल दल भी हैं, हालांकि ये गठबंधन केंद्र में सत्ताधारी एनडीए का हिस्सा है। कई सदस्यों ने कहा कि इस मामले से "संवैधानिक एवं अंतरात्मा से संबंधित" सवाल खड़े हुए हैं। यह भी कहा गया कि केंद्र का दिशा-निर्देश देशभक्ति और एकरूपता का घालमेल करता मालूम पड़ा है।

इस बीच रेलवे स्टेशनों पर अन्य लिपियों में हिंदी शब्द लिखने को लेकर तमिलनाडु में विवाद गरमा गया है। बुधवार को तिरुचि स्टेशन पर अधिकारियों ने हिंदी, अंग्रेजी, और तमिल में लिखे कर्त्तव्य-द्वार शब्द को हटा दिया। कहा कि ऐसा जन भावनाओं का ख्याल करते हुए किया गया है। इसके पहले डीएमके समर्थकों ने गेट पर बने मेहराब पर लिखे इन शब्दों पर कालिख पोत दी थी। मुख्यमंत्री एम।के। स्टालिन ने इसे 'एक भाषा, तीन लिपिÓ नीति बताते हुए इस पर कड़ा एतराज जताया था। संकेत हैं कि तमिलनाडु में अब अन्य जगहों पर भी हिंदी विरोधी समूह इस मुद्दे पर विरोध जताने की तैयारी में हैं। ऐसी हर घटना राष्ट्रीय मेलजोल की भावना में पेच डालती है। अतः उचित यही होगा कि इन पर अविलंब ध्यान दिया जाए।

# विविधता में एकता का जीवंत उत्सव-गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्र, चेट्रीचंड्र, ईद-उल-फितर और राम नवमी



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

-दुर्लभ संगम-सर्वधर्म समभाव की वैश्विक मिसाल

गुड़ी पड़वा,चैत्र नवरात्र,चेट्रीचंड्र, ईद-उल-फितर और राम नवमी- एक ऐसा दुर्लभ संगम जो भारत की धर्मनिरपेक्षता को सशक्त व सर्वधर्म समभाव की अवधारणा को जीवंत करता है

जब गुड़ी पड़वा, नवरात्र, चेट्रीचंड्र, ईद और राम नवमी जैसे पर्व एक साथ मनाए जाते हैं,तो यह संदेश पूरी दुनियाँ तक जाता है कि विविधता के बावजूद एकता संभव है वैश्विक स्तरपर भारत, जिसे सदियों से आध्यात्मिकता, सांस्कृतिक विविधता और धार्मिक सह- अस्तित्व की भूमि के रूप में जाना जाता है, मार्च 2026 में एक अद्भुत और प्रेरणादायक दृश्य प्रस्तुत कर रहा है।यह वह समय है जब विभिन्न धर्मों और समुदायों के प्रमुख त्योहार लगभग एक ही सप्ताह के भीतर मनाए जा रहे हैं,एक ऐसा दुर्लभ संगम जो न केवल भारत की धर्मनिरपेक्षता को सशक्त बनाता है,बल्कि "सर्वधर्म समभाव" की उस अवधारणा को भी जीवंत करता है, जो भारतीय संविधान और सामाजिक ताने-बाने की आत्मा है।19 मार्च से 27 मार्च 2026 के बीच का यह समयखंड केवल कैलेंडर का संयोग नहीं है,बल्कि यह भारत की सामाजिक चेतना,सांस्कृतिक समृद्धि और पारस्परिक सम्मान का उत्सव है।इस अवधि में गुड़ी पड़वा,चैत्र नवरात्र,चेट्री चंड्र ,ईद-उल-फितर और राम नवमी जैसे प्रमुख पर्व एक के बाद एक मनाए जाएंगे।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि यह विविधता में एकता का ऐसा सशक्त उदाहरण है,जिसे दुनियाँ के सामने एक सांस्कृतिक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम सबसे पहले आने वाले त्योहार गुड़ी पड़वाः नववर्ष, विजय और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक इसको समझने की करें तो19 मार्च 2026 को मनाया जाने वाला गुड़ी पड़वा महाराष्ट्र और आसपास के क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। यह दिन चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को आता है और हिंदू नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन घरों के बाहर गुड़ी" स्थापित की जाती है जो विजय, समृद्धि और शुभता का प्रतीक होती है।गुड़ी में नीम के पत्ते,आम की पत्तियां, पुष्पमाला और एक उल्टा रखा हुआ तांबे का कलश शामिल होता है।यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ी है, बल्कि यह ऐतिहासिक विजय विशेषकर राजा शालिवाहन की जीत का भी स्मरण कराती है। सुबह तेल स्नान, नए वस्त्र धारण करना और "पूरन पोली" जैसे पारंपरिक व्यंजनों का सेवन इस त्योहार को और भी खास बनाता है।यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह वसंत ऋतु के आगमन,कृषि चक्र के पुनरारंभ और सामाजिकनवजीवन का प्रतीक भी है। गुड़ी पड़वा भारतीय समाज की उस सकारात्मक ऊर्जा को दर्शाता है, जिसमें हर नया वर्ष नई आशाओं और अवसरों के साथ शुरू होता है। चैत्र नवरात्रः शक्ति, साधना और आध्यात्मिक अनुशासन का पर्व है।

साथियों बात अगर हम उसी दिन दूसरे त्यौहार चैत्र नवरात्र को समझने की करें तो गुड़ी पड़वा के साथ ही 19 मार्च 2026 से चैत्र नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है, जो 27 मार्च तक चलेगा। यह नौ दिनों का पर्व देवी दुर्गा के नौ रूपों की उपासना का समय है। इस दौरान श्रद्धालु उपवास रखते हैं, पूजा-अर्चना करते हैं और आत्मसंयम का पालन करते हैं।इस वर्ष विशेष बात यह है कि मां दुर्गा "पालकी" (डोली) पर सवार होकर आएंगी, जिसे शुभ संकेत माना जाता है। घट स्थापना का शुभ मुहूर्त 19 मार्च को सुबह 06:52 से 07:43 के बीच निर्धारित है। यह समय आध्यात्मिक ऊर्जा के जागरण और नए संकल्पों की शुरुआत का प्रतीक है।चैत्र नवरात्र केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह आत्मशुद्धि, अनुशासन और सकारात्मकता का संदेश भी देता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में संतुलन और आत्मनियंत्रण कितना महत्वपूर्ण है।

साथियों बात अगर हम चेट्रीचंद्र सिंधी समुदाय की सांस्कृतिक पहचान और आस्था का उत्सव इसको समझने की करें तो,20 मार्च 2026 को मनाया जाने वाला चेटी चंद सिंधी समुदाय का प्रमुख पर्व है, जो उनके नववर्ष का आरंभ भी है। यह दिन भगवान झूलेलाल को समर्पित होता है, जिन्हें जल देवता के रूप में पूजा जाता है।"चेटी चंद" का अर्थ है "चैत्र का चंद्रमा",जो नईशुरुआत और आशा का प्रतीक है। इस दिन सिंधी समुदाय झांकियां निकालता है, भजन-कीर्तन करता है और सामूहिक रूप से उत्सव मनाता है।यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह सिंधी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है।

यह दर्शाता है कि भारत में हर समुदाय अपनी विशिष्ट पहचान को बनाए रखते हुए राष्ट्रीय एकता में योगदान देता है।सिंधी समाज पर हो रहे अत्याचार की पुकार सुन जल देवता से आकाशवाणी के 2 दिन बाद चैत्र माह की शुक्ल पक्ष में नासरपुर (पाकिस्तान की सिन्धु घाटी) के देवकी व ताराचंद के यहाँ एक बेटे ने जन्म लिया, जिसका नाम उदयचंद रखा गया। हिंदी में उदय का मतलब उगना होता है। भविष्य में ये छोटा बच्चा हिन्दू सिन्धी समाज का रक्षक बना, जिसने मिरक शाह जैसे शैतान का अंत किया अपने नाम को चरितार्थ करते हुए उदयचंद जी ने सिंध के हिंदुओं के जीवन के अँधेरे को खत्म कर उजयाला फैला दिया।

साथियों बात अगर हम चेटीचंड के दैनिक मुस्लिम भाइयों के प्रिय त्योहार ईद-उल-फितरः आभार करुणा और भाईचारे का संदेश को समझने की करें तो मार्च 2026 में ईद-उल-फितर 20 या 21 मार्च को मनाई जाएगी,जो चांद के दीदार पर निर्भर करती है। यह पर्व रमजान के पवित्र महीने के समापन का प्रतीक है।ईद का दिन अल्लाह के प्रति आभार व्यक्त करने, जरूरतमंदों की मदद करने और सामाजिक भाईचारे को मजबूत करने का अवसर होता है। इस दिन विशेष नमाज अदा की जाती है, "फितरा" (दान) दिया जाता है और लोग एक-दूसरे को गले लगाकर "ईद मुबारक" कहते हैं। सेवइयां और अन्य मिठाइयों का वितरण इस त्योहार की खास पहचान है। यह पर्व हमें सिखाता है कि खुशी तभी पूर्ण होती है जब उसे दूसरों के साथ साझा किया जाए। ईद-उल-फितर भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है, जहां विभिन्न धर्मों के लोग एक-दूसरे के त्योहारों में भाग लेते हैं और आपसी प्रेम को बढ़ाते हैं।

साथियों बात अगर हम राम नवमीः आदर्श जीवन मूल्यों का उत्सव इसको समझने की करें तो 27 मार्च 2026 को मनाई जाने वाली राम नवमी भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे भारत में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है। विशेष रूप से अयोध्या में यह उत्सव अत्यंत भव्य होता है,जहां देश- विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं।इस दिन मंदिरों में पूजा-अर्चना, शोभायात्राएं, रथ यात्राएं और भव्य झांकियां आयोजित की जाती हैं।भगवान राम को "मर्यादा पुरुषोत्तम" के रूप में पूजा जाता है, जो सत्य, धर्म और न्याय के प्रतीक हैं।राम नवमी हमें यह संदेश देती है कि आदर्श जीवन जीने के लिए नैतिकता, संयम और कर्तव्य परायणता कितनी आवश्यक है। यह पर्व भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सटीक रूप से सुदृढ़ करता है। साथियों बात अगर हम सर्वधर्म समभावः भारतीय समाज की आत्मा को समझने की करें तो मार्च 2026 का यह सप्ताह भारत के लिए केवल त्योहारों का समय नहीं है, बल्कि यह उसकी आत्मा सर्वधर्म समभाव का उत्सव है। यह वह सिद्धांत है, जो कहता है कि सभी धर्म समान हैं और उनका सम्मान किया जाना चाहिए।भारत का संविधान भी धर्मनिरपेक्षता की इसी भावना को अपनाता है, जहां राज्य किसी एक धर्म को प्राथमिकता नहीं देता,बल्कि सभी को समान अवसर और सम्मान प्रदान करता है।जब गुड़ी पड़वा, नवरात्र, चेटी चंद, ईद और राम नवमी जैसे पर्व एक साथ मनाए जाते हैं, तो यह संदेश पूरी दुनिया तक जाता है कि विविधता के बावजूद एकता संभव है।

साथियों बात अगर हम एक ही सप्ताह में आए इन सभी त्योहारों के मुद्दे को वैश्विक परिप्रेक्ष्यः में समझने की करें तो भारत एक सांस्कृतिक मॉडल है आज जब दुनिया के कई हिस्सों में धार्मिक और सांस्कृतिक संघर्ष देखने को मिलते हैं, तब भारत का यह उदाहरण वैश्विक स्तर पर प्रेरणा का स्रोत बन सकता है।मार्च 2026 का यह उत्सव अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकता है। दुनिया भर के सैलानी भारत आकर इस विविधता और एकता का अनुभव करना चाहेंगे।यह समय भारत के लिए "सॉफ्ट पावर" को बढ़ाने का भी अवसर है, जहां वह अपनी सांस्कृतिक समृद्धि और सामाजिक समरसता को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर सकता है।

-संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी)

# नवरात्रिः आंतरिक ऊर्जा और आध्यात्मिक उत्थान का पर्व



योगेश कुमार गोयल

-शक्ति जागरण से आत्मविजय तक का दिव्य उत्सव

नवरात्रि (19 से 27 मार्च) पर विशेष

नवरात्रि महापर्व का भारतीय समाज में विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 19 मार्च से हो रही है, जिसका समापन 27 मार्च को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके।

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुईं अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर



सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं।

दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है।

दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं।

नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं। नवरात्रि केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आत्मशक्ति के जागरण का पर्व है, जो हमें संयम, साहस, तप और सदाचार का संदेश देता है। मां दुर्गा के ये नौ स्वरूप जीवन के नौ आयामों को प्रकाशित करते हैं और हमें अज्ञान से ज्ञान, भय से निर्भयता तथा दुर्बलता से सामर्थ्य की ओर ले जाते हैं। इस पावन पर्व पर प्रत्येक साधक अपने भीतर की शक्ति को पहचानकर जीवन को सकारात्मक दिशा देने का संकल्प ले सकता है।




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज असंभव सा लगने वाले किसी काम में आज आपको सफलता मिलेगी। आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। करियर से संबंधित किसी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आज आपको अपने किसी भी काम को टालने से बचना चाहिए ,समय से काम पूरा कर लेना बेहतर रहेगा। आज आपको किसी पारिवारिक अनुस्थान में शामिल होने का सुअवसर मिल सकता है।

**वृष राशि** : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज ऑफिस में कार्यभार अधिक होने से आपको थकान लगेगी फिर भी आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा कठिन प्रयास करेंगे, काम उतना ही आसान और बेहतर ढंग से होगा। आज किसी अनुभवी की राय आपके लिए बेहतर साबित होगी।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे, घर के लिए कुछ नये सजावट के सामान की खरीदारी करेंगे। आज आप जीवनसाथी की तरक्की से खुश होंगे। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बन रहे हैं। आज आप नया व्यापार शुरू करने का मन बनाएंगे। अगर आप कला के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आज आपको परफोर्मेंस करने का मौका मिलेगा।

**कर्क राशि**: आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके सालों से रुके हुए पैसे वापस दिलाने मे कुछ इष्ट मित्र मददगार साबित होंगे। ऑफिस में आपके कर्मठशीलता की तारीफ होगी।आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी।

**सिंह राशि** : आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज आओ जीवनसाथी के सहयोग से घरेलू कार्य पूरा करने में सफल होंगे। आपको माता-पिता का भरपूर सहयोग मिलेगा प्राप्त होगा। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात होने की उम्मीद है, जिसकी आपको हेल्प करने का अवसर मिलेगा। आज ऑफिस में आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिलेगी।

**कन्या राशि** : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको नई जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिये बहुत फायदेमंद साबित होगी। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है। नई तकनीक के इस्तेमाल पर विचार-विमर्श होगा।

**तुला राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। आज आपको किसी यात्रा पर जाने का योग बन रहा है, जिससे आपको लाभ भी होगा। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा। अध्यात्म की तरफ आपका रुझान अधिक रहेगा। आप जिस किसी काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको अच्छी कामयाबी मिलेगी। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिये सामान्य रहने वाला है। आज किसी खास रिश्तेदार की मदद से आपका रुक हुआ काम समय पर पूरा ही जाएगा। आज आपके प्रति शत्रु भाव रखने वालों व्यक्तियों से सावधान रहें। किसी भी कार्य को करते समय मन एकाग्र रखेंगे तो काम आसानी से व बिना किसी व्यवधान के पूरा हो जायेगा। कुछ लोग रुकावटें भी पैदा करेंगे।

**धनु राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा सपोर्ट करेंगे। जल्दबाजी में किए गए पूंजी निवेश से आपको थोड़ी बहुत टेंशन हो सकती है। सिनेमा जगत के कलाकारों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है। समस्याओं के लिए दूसरों लोगों को जिम्मेदार मानने से आपके रिश्तों में दरार आ सकती है। आमतौर पर आप किसी बात का बुरा नहीं मानेंगे। अपने अहम पर काबू करके परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे तो आपको आसानी से हल मिल जायेगा।

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए सामान्य से बेहतर रहने वाला है। आज आपके कार्यस्थल पर काम ज्यादा रहेगा। आज आपका किसी के प्रति अधिक आत्मविश्वास से नुकसान हो सकता है, इससे आपके पारिवारिक संबंध खराब हो सकते हैं। आप सामाजिक स्तर पर कुछ नए बदलाव करने की सोचेंगे आपको अनुभवी लोगों का साथ भी मिलेगा इससे आपका काम आसान हो जायेगा।

**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबार संबंधी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें, कोई इसकी नकल कर सकता है इससे आपको नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। पुरानी प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी बिजनेस में अच्छी डील होगी। इस राशि की वर्किंग महिलाएं कामकाज की वजह से व्यस्त रहेगी साथ ही थोड़ा बहुत तनाव भी रह सकता है।

**मीन राशि** :आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए प्रसन्नता मिलेगी। मानसिक रूप से जिन लोगों के साथ परेशानी है, उसे दूर करने का उपाय मिलेगा और मेडिटेशन को रुटीन मे अपनाएंगे।

# रसोई गैस संकट : इस तरह क्यों थूकिये कि मुंह पर वापस आये?

निर्मल रानी

अमेरिका,इस्राईल व ईरान के बीच छिड़े युद्ध के बीच पूरा विश्व कच्चे तेल व गैस की आपूर्ति को लेकर चिंतित है। युद्ध छिड़ते ही भारत में भी इसका प्रभाव साफ़ नज़र आने लगा। अमेरिका,इस्राईल व ईरान युद्ध के कारण ईरान के नियंत्रण वाले स्ट्रेट ऑफ़ हारमूज़ में शिपिंग रुक गई है ।ग़ौरतलब है कि भारत मध्य पूर्व से अपनी 60 से लेकर 90% तक एल पी जी गैस व कच्चे तेल का आयात इसी मार्ग से करता है। स्ट्रेट ऑफ़ हारमूज़ जल मार्ग बाधित होने के कारण ही सरकार ने घरेलू गैस उपयोगको प्राथमिकता देते हुये कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति लगभग बंद कर दी है। साथ ही घरेलू सिलेंडर के दाम में 60 रुपये जबकि कमर्शियल में 115 रूपये तक की बढ़ोतरी की भी की गयी है। इस दौरान रसोई गैस के लिये जगह जगह लोगों की क़तारें देखने को मिलीं। कहीं कहीं से तो ब्लैक मार्केटिंग की ख़बरें भी सुनाई दीं। लोगों में गैस की क़िल्लत की शंका से दहशत फैल गयी। इससे विशेषकर व्यवसायिक क्षेत्र सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ क्योंकि लगभग 90% होटल-रेस्तरां कमर्शियल एल पी जी सिलेंडर पर निर्भर हैं। राष्ट्रीय रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने इसे एक ऐसा संकट बताया जो 5.7 ट्रिलियन रुपये टर्नओवर और 80 लाख नौकरियों वाले वर्ग को ख़तरे में डाल रहा है। देश के अनेक होटल्स व रेस्तरां में मेन्यू में कटौती करते हुये रोटी, डोसा, पूरी, फ्राई सामग्री, चाय-कॉफ़ी , हॉट ड्रिंक्स आदि हटा दिए गए। इसके बजाये केवल राइस-दाल, सैंडविच या कोल्ड ड्रिंक्स आदि ही परोसे जा रहे हैं। उदाहरण स्वरूप बेंगलुरु व चेन्नई सहित तमिलनाडु में हज़ारों छोटे रेस्त्रां पूरी तरह या कहीं कहीं आंशिक रूप से बंद हो गये । बेंगलुरु होटल एसोसिएशन के अनुसार इस संकट से औसतन 25-30प्रतिशत का राजस्व घाटा हुआ है। सबसे ज़्यादा मार भोपाल में पड़ी जहाँ 40प्रतिशत व्यापार प्रभावित हुये। कई लोगों ने तो अपनी दुकानें भी बंद कर दीं। कुछ होटल व रेस्त्रां इंडक्शन या इलेक्ट्रिक ओवन का प्रयोग करने लगे हैं। अचानक इंडक्शन की बढ़ती मांग के चलते कई जगहों से तो इंडक्शन व स्टोव के भी आउट ऑफ़ स्टॉक होने की ख़बरें आई हैं।

इस संकट का सामना करने के लिये सरकार द्वारा रिफ़ाइनरी उत्पादन 25प्रतिशत तक बढ़ने का समाचार है। जबकि कुछ राज्यों में केरोसिन व कोयला आपूर्ति करने की अस्थायी अनुमति भी दी गयी है । यदि आगे भी यही स्थिति बानी रही तो रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर बंदी और बेरोज़गारी का ख़तरा है। संकट की इस घड़ी में देश के अनेक नेता संसद से सड़कों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2018 में विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में दिये गये उस दिव्य ज्ञान को याद कर रहे हैं जिसमें उन्होंने एक ऐसे चायवाले की कहानी सुनाई थी जो नाले से निकलने वाली गैस से चाय बनाता था। इस कार्यक्रम में उन्होंने बायो ईंधन की संभावनाओं पर बात करते हुए एक चाय वाले की कहानी का ज़िक्र किया था जो गंदे नाले से निकलने वाली गैस का इस्तेमाल करके चाय बनाता था। उन्होंने बताया था कि - एक छोटे शहर में नाले के पास चाय का ठेला लगाने वाला कोई व्यक्ति था। उस नाले से दुर्गंध और गैस निकलती थी, तो उसने सोचा कि इस गैस का इस्तेमाल क्यों न करें। उसने एक बर्तन को उल्टा करके उसमें छेद किया, पाइप डाला, और नाले की गैस को पाइप के ज़रिए अपने चूल्हे तक पहुंचाया। फिर उसी गैस से चाय बनाने लगा। मोदी जी ने इसे सिंपल सी टेक्नोलॉजी कहा और बायो ईंधन की क्षमता का उदाहरण दिया।

बस मोदी के इसी बयान को देश के विपक्षी नेताओं व युवाओं द्वारा न केवल याद किया जा रहा है बल्कि देश में सैकड़ों जगहों से इसी फ़ार्मुले से चाय बनाने की नाकाम कोशिश करते हुये अनेक लोगों की वीडिओ भी वायरल हो रही हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने तो सुल्तानपुर में बाक़ायदा नाली में पाइप डालकर गैस चूल्हा जलाने का प्रयास भी किया, लेकिन चूल्हा नहीं जला। उन्होंने कहा, मोदी जी कहते हैं नाली की गैस से चाय बनाओ, लेकिन यह संकट मोदी सरकार ही लाई है। कुछ लोगों ने व्यंग्य किया कि प्रधानमंत्री के ज्ञान से प्रभावित व प्रेरित तमाम लोग नाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया मीम्स और रील्स में अनपढ़ राजा कहकर मोदी का मज़ाक़ उड़ाया गया, जहां नाली की गैस से चाय बनने का असफल प्रयास प्रदर्शित किया गया। मोदी के इसी दिव्य ज्ञान के पुराने वीडियो शेयर व रीशेयर करते हुये उन पर व्यंग्य कसे गए। विपक्ष ने तो इस संकट को सरकार की असफल विदेश नीति और तैयारी की नाकामी बताया है।

तृणमूल कांग्रेस सांसद व पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आज़ाद ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "नाले की गैस से चाय बनाने" वाले पुराने बयान का व्यंग्यात्मक उल्लेख करते हुए सरकार पर तीखा तंज़ किया और गैस संकट पर सवाल उठाए। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि अगर प्रधानमंत्री की इस "गटर गैस" वाली सोच को गंभीरता से लेकर उस पर शोध किया होता, तो आज देश में एलपीजी की ऐसी कमी और सिलेंडर के दामों में यह भारी बढ़ोतरी नहीं देखनी पड़ती। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि सरकार दावा करती है कि कोई बड़ा संकट नहीं है, तो फिर एलपीजी सिलेंडर के दाम क्यों बढ़ाए गए हैं और ग़रीब व मध्यम वर्ग पर इतना बोझ क्यों डाला जा रहा है। कई जगह तो पुलिस वालों को उन युवकों को रोकते हुये भी देखा गया जो नाले से गैस निकालने का प्रदर्शन करते हुये प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गये इस दिव्य ज्ञान की खिल्ली उड़ा रहे थे।

सवाल यह है कि कोई साधारण व्यक्ति यदि इस तरह की बातें करे तो उसकी इतनी चर्चा भी न हो परन्तु जब देश के सर्वोच्च पद पर बैठा व्यक्ति इस तरह का ज्ञान बांटने लगे तो उसका मज़ाक़ उड़ाया जाना स्वभाविक है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# कैमरुन, होल्डर सहित आईपीएल में ये खिलाड़ी आईपीएल में अपने को साबित कर पायेंगे ?

**एजेंसी, मुम्बई**

इस माह के अंत में शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए सभी टीमें अपनी तैयारियों को अंतिम रुप दे रही हैं। 28 मार्च से शुरु हो रहे इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई ऑलरांडर कैमरुन ग्रीन और वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर के अलावा चार युवा खिलाड़ियों पर सबकी नजरें रहेंगी। इन खिलाड़ियों को नीलामी में उनकी टीमों ने करोड़ों रुपये में खरीदा था। अब देखन है कि ये खिलाड़ी अपने को साबित करने में सफल रहते हैं या नहीं। जिस प्रकार मोटी रकम इन खिलाड़ियों को दी गयी है उसको देखते हुए टीम चाहेंगे कि ये अब अच्छे से अच्छा प्रदर्शन करें। वहीं ये खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से अपने को साबित करना चाहेंगे।



**कैमरून ग्रीन** : कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कैमरून ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये की मोटी रकम देकर खरीदा है। ग्रीन एक शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं। इसके अलावा वह अच्छी गेंदबाजी भी करते हैं। केकेआर ने उन्हें एक मैच विजेता के तौर पर शामिल किया है।

**जेसन होल्डर** : गुजरात टाइटंस ने जेसन होल्डर को 7 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा है। वह एक अनुभवी ऑलराउंडर हैं, जिनके पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का काफी अनुभव है। उनकी गेंदबाजी और निचले क्रम की बल्लेबाजी टीम के लिए लाभदायक साबित होगी। वह किसी भी प्रकार के हालातों में खेल सकते हैं उन्हें कप्तानी का भी अनुभव है।

**मथेशा पथिराना** : श्रलंका के मथेशा पथिराना को कोलकाता नाइटराइडर्स ने 18 करोड़ रुपये में खरीदा है। इससे पता चलता है कि वह कितने अच्छे गेंदबाज हैं। वह खासकर डेथ ओवर्स के एक बेहतरीन गेंदबाज माने जाते हैं। यॉर्कर और अनोखे एक्शन के लिए जाने जाते हैं। टीम को उम्मीद रहेगी कि विरोधी टीम के बल्लेबाजों पर अंकुश लागाये रहें।

**प्रशांत वीर** : चेन्नई सुपर किंग्स ने नीलामी में प्रशांत वीर को 14.20 करोड़ रुपये में खरीदकर सबको हैरान कर दिया था। कम आधारमूल्य के बावजूद इतनी बड़ी रकम मिलने से उनकी प्रतिभा साफ झलकती है। वह एक ऑलराउंडर के रूप में टीम को संतुलन देते हैं और टीम उन्हें भविष्य के सितारे के तौर पर अपने साथ रखना चाहती है।


**कूपर कॉनोली** : पंजाब किंग्स ने कूपर कॉनोली को 3 करोड़ रुपये में खरीदा है। युवा ऑलराउंडर कॉनोली अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी से टीम को मजबूती दे सकते हैं। टीम उन्हें एक लंबे समय के निवेश के तौर पर देखती है।

**आकिब नबी** : दिल्ली कैपिटल्स ने ऑलराउंडर आकिब नबी को 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा है। वह गेंद और बल्ले दोनों से प्रभावित कर सकते हैं। नबी की खूबी उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी गेंदबाजी है। टीम को उनसे बीच के ओवरों में मैच का रुप पलटने की उम्मीदें रहेंगी।

## पंड्या की कप्तानी में खिताबी जीत के इरादे से उतरेगी मुम्बई : हरभजन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस इस बार खिताबी जीत के इरादे से उतरेगी। हरभजन के अनुसार पंड्या का लक्ष्य पिछले 5 सालों से चले आ रहे खिताबी इंतजार को समाप्त करना रहेगा। हरभजन के अनुसार जीत के लिए पंड्या को आगे बढ़कर आक्रामक अंदाज में कप्तानी करनी होगी। इस पूर्व स्पिनर ने कहा है कि मुम्बई को सलामी जोड़ी को लेकर भी अपनी स्थिति साफ करनी चाहिये। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह की भूमिका भी तय करनी होगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हार्दिक को





अपने स्वाभाविक अंदाज में ही खेलना चाहिये। उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ गेम दिखाना होगा। उन्हें बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में भी अहम भूमिका निभानी होनी।

जिस प्रकार उन्होंने टी 20 विश्व कप में गेंदबाजी की थी वैसी ही उन्हें आईपीएल में भी करनी होगी। उन्होंने कहा, जब कोई कप्तान आगे बढ़कर टीम की अगुवाई करता है और रास्ता दिखाता है, तो बाकी खिलाड़ी भी उसका साथ देते हैं। यह सब भरोसे पर निर्भर करेगा। अगर हार्दिक और उनकी टीम पहले दिन से ही तय कर ले कि उनका लक्ष्य खिताब जीतना है तो मुम्बई टीम को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक पायेगा। वहीं रयान रिकल्टन और क्विंटन डी कॉक को अंतिक ग्यारह में रखे जाने के सवाल पर , हरभजन ने कहा कि दोनो को एकसा रखे जाने की संभावना नहीं है। इन दोनों में से कोई एक ही शुरुआत में रखा जाएगा। दोनों को एक साथ उतारना इसलिए संभव नहीं है क्योंकि टीम के पास रोहित शर्मा सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा जैसे शीर्ष बल्लेबाज हैं।

## विराट आईपीएल के लिए बेंगलुरु पहुंचकर अपनी टीम आरसीबी से जुड़े

**एजेंसी, बेंगलुरु**

अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आईपीएल के 19 सत्र में शामिल होने के लिए बेंगलुरु पहुंचकर अपनी टीम टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से जुड़ गये हैं। विराट के यहां पहुंचने के साथ ही आरसीबी के खेमे में उत्साह की लहर फैल गयी। विराट का प्रशंसकों के साथ ही टीम प्रबंधन और खिलाड़ियों को भी इंतजार था। , बेंगलुरु पहुंचने से पहले कोहली इंग्लैंड में थे पर वहां भी वह तैयारी जारी रखे थे। उन्होंने अपने अभ्यास की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी की थी जिसे आरसीबी ने भी साझा



किया है। कोहली के टीम से जुड़ने के बाद अभ्यास सत्र में तेजी आने की उम्मीद है। आरसीबी को इस सत्र में अपना पहला मैच 28 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है। इससे वह खिताब बराकरार रखने के इरादे से उतरेगी। पिछले सत्र में उसने रजत पाटीदार की कप्तानी में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार खिताब जीता था। आरसीबी को चैंपियन बनाने में विराट की अहम भूमिका रही है। विराट ने पिछले सत्र में 15 मैचों में 54.75 की औसत और 144.71 की स्ट्राइक रेट से 657 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 8 अर्धशतक लगाये थे। ऐसे में टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह इस बार भी अधिक से अधिक रन बनाकर टीम को जीत दिलायें। विराट शुरुआती सत्र से ही आरसीबी से जुड़े हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता रहती है। लगभग हर साल वह टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाते आये हैं।

## 10 जुलाई से शुरु होंगे ओलंपिक में फुटबॉल मुकाबले : आईओसी

**एजेंसी, एथेंस** । अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अनुसार साल 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में फुटबॉल मुकाबले उद्घाटन समारोह से चार दिन पहले ही शुरू हो जाएंगे। आईओसी के अनुसार पुरुष और महिला दोनों ही वर्गों के मुकाबले 10 जुलाई से शुरु होंगे। ये ये मुकाबले अमेरिका के सात शहरों में होंगे। वहीं ग्रुप स्तर और क्वार्टर फाइनल मुकाबले न्यूयॉर्क, कोलंबस, नैशविले और सेंट लुई में रखे गये हैं जबकि नॉकआउट मुकाबले कैलिफोर्निया के सैन जोस, सैन डिएगो और पासाडेना में आयोजित होंगे। इन शहरों को



उपलब्ध विश्वस्तरीय सुविधाएं होने के कारण ही बड़े मुकाबलों के आयोजन का अवसर मिला है। वहीं फुटबॉल का खिताबी मुकाबला ऐतिहासिक रोज़ बाउल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस स्टेडियम में ही साल1994 पुरुष फुटबॉल विश्व कप, 1999 महिला विश्व कप और 1984 ओलंपिक का फाइनल भी खेला गया था।

## सीएसके ने फोस्टर को क्षेत्ररक्षण कोच बनाया

**एजेंसी, मुम्बई**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल के 19 सत्र से पहले इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जेम्स फोस्टर को टीम का नया क्षेत्ररक्षण कोच बनाया है। फोस्टर टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग के साथ मिलकर काम करेंगे। उनके जिम्मेदारी टीम के खिलाड़ियों के क्षेत्ररक्षण कौशल को निखारना रहेगा। पिछले सत्र में टीम इस क्षेत्र में कमजोर साबित हुई थी। फोस्टर को कोच के तौर पर लंबा अनुभव है और इसी को देखते हुए सीएसके ने उन्हें जोड़ा है। सीएसके के पास पहले ही कोचिंग स्टाफ में माइकल



हसी और एरिक सिमंस जैसे दिग्गज हैं, इसके बाद भी फोस्टर को शामिल करने से साफ है कि टीम अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखना चाहती है। फोस्टर ने साल 2001 से 2009 के बीच इंग्लैंड के लिए 23 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। साल 2018 में क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्होंने कोचिंग में काफी अनुभव वह सफलता हासिल की है। हाल ही में उनके मार्गदर्शन में जनवरी 2026 में डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी 20 खिताब जीता था। इसके अलावा वह द हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स के सहायक कोच भी रहे हैं। फोस्टर इंग्लैंड और न्यूजीलैंड टीम के भी कोच रहे हैं। वह पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ क्षेत्ररक्षण के सहायक कोच रहे हैं। ऋतुराज की कप्तानी में सीएसके अपने आईपीएल 2026 अभियान की शुरुआत 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुवाहाटी में करेगी।

# बिजनेस

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजड़ियों का जोर, मजबूती के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। माना जा रहा है कि मजबूत ग्लोबल संकेतों, कच्चे तेल की कीमत में आई नरमी, आईटी सेक्टर में जम कर हुई खरीदारी और इंडिया वोलैटिलिटी इंडेक्स (इंडिया वीआईएक्स) के स्तर में कमी आने की वजह से शेयर बाजार में आज लगभग पूरे दिन पॉजिटिव माहौल बना रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। पहले 1 घंटे के कारोबार में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा, लेकिन इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी, रियल्टी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही।



इसी तरह टेलीकॉम, इंफ्रास्ट्रक्चर, मीडिया, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, बैंकिंग, एफएमसीजी, फार्मास्यूटिकल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, मेटल सेक्टर के शेयरों में आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 2.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.67 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े पांच लाखघ करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 438.81 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 433.30 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.51 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,432 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 3,796 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,096 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 140 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,973 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,391 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 582 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर बढ़त के साथ और 6 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 296.71 अंक की मजबूती के साथ 76,367.55 अंक के स्तर पर खुला। पहले एक घंटे के कारोबार के दौरान मुनाफा वसूली होने की वजह से यह सूचकांक गिर कर 76,187.92 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली।

## निर्यात आधारित औद्योगिक समूहों को फिर से मजबूत करने के प्रयास तेज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने निर्यात आधारित औद्योगिक समूहों को फिर से मजबूत करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इसलिए निर्यात उन्मुख औद्योगिक समूहों के साथ बैठक में क्षमताओं को बढ़ाने और निर्यात बाजारों में अधिक भागीदारी को सक्षम बनाने पर बल दिया गया। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) ने निर्यात उन्मुख औद्योगिक समूहों के पुनरुद्धार पर हितधारकों के साथ वाणिज्य भवन में एक परामर्श बैठक उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया की अध्यक्षता में की। बैठक में हितधारकों ने बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी अपनाने और घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए समग्र क्लस्टर पुनरुद्धार का आह्वान किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक बैठक में लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को क्लस्टर विकास प्रयासों के केंद्र में रखने पर व्यापक सहमति बनी, जिसमें वित्त



तक पहुंच में सुधार, क्षमताओं को बढ़ाने और निर्यात बाजारों में अधिक भागीदारी को सक्षम बनाने पर बल दिया गया। वैश्विक मांग के रुझानों के साथ क्लस्टर विकास को संरेखित करने और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की स्थिति को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। मंत्रालय ने बताया कि इस परामर्श बैठक ने उद्योग और सरकार के बीच रचनात्मक संवाद के लिए एक मंच प्रदान किया। औद्योगिक क्लस्टर पुनरुद्धार पर बजट घोषणा के कार्यान्वयन में सहयोग के लिए व्यावहारिक अनुशंसाओं को साझा करने में सहायता भी प्रदान की। ये बैठक बजट प्राथमिकताओं को जमीनी कार्रवाई में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चर्चा का मार्गदर्शन एनआईसीडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक रजत कुमार सैनी ने किया, जिन्होंने क्लस्टर विकास ढांचे को परिष्कृत और कार्यान्वित करने के लिए हितधारकों की निरंतर भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। मंत्रालय के मुताबिक यह परामर्श बैठक "आर्थिक विकास को बनाए रखने और मजबूत करने" विषय पर आयोजित बजट पश्चात वेबिनार के अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में बुलाई गई थी, जिसका उद्देश्य क्लस्टर पुनर्जीवन पर विचार-विमर्श को आगे बढ़ाना और उद्योग जगत की निरंतर भागीदारी के माध्यम से बजट घोषणाओं को व्यावहारिक रणनीतियों में बदलना था। इस बैठक में निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी), उद्योग संघों, वित्तीय संस्थानों, अनुसंधान संगठनों और सरकारी हितधारकों के प्रतिनिधियों ने व्यापक भागीदारी दिखाई। इस परामर्श बैठक में एसोचैम, फिक्की, सीआईआई, पीएचडीसीसीआई, नैसकॉम, सिडबी, सीएसआईआर, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी), इंडियन डेयरी एसोसिएशन, अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (एईपीसी), ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए), इंडियन मशीन टूल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईएमटीएमए), इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन फाउंड्रीमैन, वेयरहाउसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स सहित कई प्रमुख उद्योग निकायों और संस्थानों ने भाग लिया। रिलायंस, टाटा केमिकल्स, रिलैक्सो, ब्यूमर ग्रुप और जेएलएल जैसी कंपनियों और कॉरपोरेट जगत के प्रतिनिधियों के साथ-साथ क्षेत्र-विशिष्ट संघों ने भी परामर्श में सक्रिय रूप से भाग लिया।

## इस्पात आयात से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए मंत्रालय 23 मार्च को करेगा खुली बैठक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इस्पात मंत्रालय 23 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के नेताजी नगर स्थित जीपीओए-3 की तीसरी मंजिल पर स्थित इस्पात कक्ष में एक खुली बैठक का आयोजन करेगा। इस बैठक में इस्पात आयात से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस्पात मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि कंपनियां और संगठन संबंधित अपने मुद्दों को इस बैठक में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस बैठक में भाग लेने के लिए tech-steel[at]nic[dot]in पर ईमेल भेजकर उपरोक्त तिथि के लिए निश्चित समय स्लॉट प्राप्त किया जा सकता है। मंत्रायल के मुताबिक ई-मेल भेजते समय निम्नलिखित जानकारी शामिल की जा सकती हैः- कंपनी/एसोसिएशन का नाम, उद्योग और उत्पाद का प्रकार, जैसे ऑटोमोबाइल /एयरोस्पेस/दूरसंचार/रक्षा, आदि।

यह समस्या एसआईएमएस/एसएआरएएल एसआईएमएस और क्यूसीओ छूट से संबंधित है। यदि कोई हो तो एसआईएमएस/एसएआरएएल एसआईएमएस/क्यूसीओ छूट आवेदन का संदर्भ दें। समस्या का संक्षिप्त विवरण (अधिकतम 50 शब्द), प्रतिभागी का नाम और पदनाम (किसी तीसरे पक्ष का प्रतिनिधित्व स्वीकार्य नहीं है) और प्रतिभागी की संपर्क जानकारी (मोबाइल नंबर और ईमेल) शामिल है। मंत्रालय के मुताबिक इस खुली बैठक का आयोजन सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक किया जाएगा और समय-सीमा की जानकारी ईमेल के माध्यम से दी जाएगी। व्यवस्था संबंधी परेशानियों के कारण बिना पूर्व बुकिंग के प्रवेश संभव नहीं होगा और व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक संगठन से केवल एक प्रतिनिधि को ही अनुमति दी जाएगी।

## घरेलू सौर विनिर्माण को मजबूत करने के लिए एएलएमएम ढांचे का विस्तार : जोशी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सौर सिल्लियों और वेफर्स के लिए अनुमोदित मॉडल और निर्माता सूची (एएलएमएम) फ्रेमवर्क का विस्तार किया है, जो 1 जून, 2028 से प्रभावी होगा। यह कदम सौर आपूर्ति श्रृंखला में घरेलू मूल्यवर्धन को बढ़ावा देने, आयात पर निर्भरता कम करने और वैश्विक सौर ऊर्जा उत्पादन केंद्र बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया है। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को बताया कि यह भारत के सौर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि इस कदम से घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती बढ़ेगी, आयात पर निर्भरता कम होगी और सौर मूल्य श्रृंखला में उच्च गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित किया जा सकेगा। मंत्रालय के मुताबिक एएलएमएम आदेश का विस्तार करते हुए इंगोट्स और वेफर्स के लिए एएलएमएम सूची-3 को शामिल किया गया है, जो 1 जून से प्रभावी होगा। पहले से चल रही परियोजनाओं की सुरक्षा के लिए उपयुक्त प्रावधान किए गए हैं। एमएनआरई के इस आदेश के तहत मॉड्यूल और सेल के लिए पहले से लागू एएलएमएम सूचियों से अनिवार्य सोर्सिंग आवश्यकताओं को सौर आपूर्ति श्रृंखला में एक कदम आगे बढ़ाते हुए इंगोट्स और वेफर्स को भी शामिल किया गया है।

## पावरिका लिमिटेड का आईपीओ 24 मार्च को खुलेगा, प्राइस बैंड 375-395 रुपये प्रति शेयर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पावर सॉल्यूशन प्रदाता कंपनी पावरिका लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 24 मार्च को खुलेगा। इसमें निवेश करने के लिए निवेशक 27 मार्च तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 375-395 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि उसका 24 मार्च को खुलकर 27 मार्च को बंद होगा। इसमें निवेश करने के लिए बड़े निवेशक 23 मार्च को बोली लगा पाएंगे। पावरिका लिमिटेड ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 375-395 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इसके शेयर 2 अप्रैल को शेयर




बाजार में सूचीबद्ध होंगे। पावरिका लिमिटेड की योजना इस इश्यू के जरिए 1,100 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी का यह आईपीओ 700 करोड़ रुपये के नए शेयर और 400 करोड़ रुपये तक के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। निवेशक कम से कम 37 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं और उसके बाद 37 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। कंपनी इस आईपीओ से प्राप्त राशि में से 525 करोड़ रुपये कंपनी के कर्ज को कम करने में लगाएगी, जबकि शेष का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। ये कंपनी का सार्वजनिक होने का दूसरा प्रयास है।



# नौकरी छोड़ एक्ट्रेस बनीं अनन्या नागल्ला, पवन कल्याण संग इस फिल्म से बदली किस्मत

साउथ एक्ट्रेस अनन्या नागल्ला पिछले कुछ सालों से इंडस्ट्री में खुद की पहचान बना रही है. तेलुगु फिल्मों में काम करने वाली अनन्या ने बहुत कम समय में अपने अभिनय से दर्शकों का ध्यान खींचा है. 2019 में फिल्म मल्लेशम से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अनन्या ने धीरे-धीरे इंडस्ट्री में मजबूत जगह बनाई है. उनकी सादगी, नैचुरल एक्टिंग और मेहनत की वजह से उन्हें दर्शकों से बहुत तारीफ मिली. इसी बीच आइए उनके बारे में विस्तार से जानते हैं.

अनन्या नागल्ला का जन्म तेलंगाना के खम्मम जिले के सतुपल्ली में एक तेलुगु परिवार में हुआ था. उनके पिता वेंकटेश्वर राव एक बिजनेसमैन हैं और उनकी मां का नाम विष्णु प्रिया है. बचपन से ही अनन्या पढ़ाई में अच्छी थी और परिवार का माहौल भी काफी सपोर्टिव रहा.

अनन्या ने हैदराबाद के इब्राहिमपट्टनम स्थित राजा महेंद्र कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से बीटेक की पढ़ाई पूरी की. पढ़ाई खत्म करने के बाद उन्होंने आईटी कंपनी इन्फोसिस में नौकरी शुरू की. वहां वो टेस्ट एनालिस्ट के रूप में काम करती थी और बाद में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनी.

नौकरी के समय ही अनन्या को 2017 में एक शॉर्ट फिल्म शादी में काम करने का मौका मिला. इसके बाद उन्होंने हैदराबाद के मणिकोंडा इलाके में एक एक्टिंग स्कूल जॉइन किया और धीरे-धीरे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने की तैयारी शुरू कर दी.

कई ऑडिशन देने के बाद अनन्या को 2019 की बायोपिक फिल्म मल्लेशम में काम करने का मौका मिला. इस फिल्म में उन्होंने पद्मा नाम का किरदार निभाया, जो दर्शकों को पसंद आया था. इस रोल के लिए उन्होंने अपनी नौकरी से एक महीने की छुट्टी ली थी.

2021 में अनन्या नागल्ला को पावर स्टार पवन कल्याण की फिल्म वकील साब में काम करने का मौका मिला. यह फिल्म हिंदी फिल्म पिंक की रीमेक थी. फिल्म में अनन्या ने दिव्या नायक का किरदार निभाया था. इस रोल के बाद उन्हें पूरे तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में पहचान मिलने लगी.

अनन्या ने 2021 में साइंस-फिक्शन ड्रामा फिल्म प्ले बैक में भी काम किया. इसके अलावा 2024 में आई फिल्म तंत्र में उन्होंने लीड रोल निभाया. इस फिल्म में उनके कॉन्फिडेंस और स्क्रीन प्रेजेंस की भी काफी चर्चा हुई.

अनन्या नागल्ला के लिए आईटी कंपनी की नौकरी छोड़कर फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखना आसान फैसला नहीं था. लेकिन अपने जुनून और मेहनत के दम पर अनन्या आज तेलुगु सिनेमा की उभरती हुई एक्ट्रेसेस में गिनी जाती हैं.

फिल्म

## 'हेट स्टोरी 3' के बाद जरीन की अभिनय क्षमता पर उठाए थे सवाल



मुंबई (ईएमएस)। हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में अपने अनुभवों को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री जरीन खान ने कई खुलासे किए हैं। अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म हेट स्टोरी 3 के बाद उन्हें इंडस्ट्री में काफी आलोचना सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि फिल्म में किए गए बोल्ड सीन के कारण कई लोगों ने उनकी अभिनय क्षमता पर सवाल उठाए और उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश की। ज़रीन खान ने अपने करियर की शुरुआत वीर से की थी, जिसमें उनके साथ सलमान खान मुख्य भूमिका में थे। हालांकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी। इसके बाद वह हाउसफुल 2 और बाद में हेट स्टोरी 3 जैसी फिल्मों में नजर आईं। 'हेट स्टोरी 3' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की, लेकिन इस फिल्म के बाद उन्हें इंडस्ट्री में आलोचना का सामना करना पड़ा। एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान ज़रीन ने बताया कि फिल्म के बोल्ड सीन को लेकर कई लोगों ने उनके बारे में नकारात्मक टिप्पणियां कीं। उनका कहना था कि कुछ लोगों ने यहां तक कहा कि वह अभिनय नहीं कर सकतीं, इसलिए उन्हें इस तरह के सीन करने पड़े।

अभिनेत्री के मुताबिक, इस तरह की बातों से उन्हें काफी बुरा लगा और फिल्म की सफलता के बावजूद उन्हें सम्मानजनक व्यवहार नहीं मिला। फिल्म की सफलता के बाद ज़रीन को अक्सर 2 के लिए अप्रोच किया गया, जो 2006 में आई फिल्म अक्सर का सीक्वल थी। इस फिल्म का निर्देशन अनंत महादेवन ने किया था। ज़रीन का कहना है कि जब उन्हें फिल्म की कहानी सुनाई गई थी, तब इसे एक नॉयर थ्रिलर के रूप में पेश किया गया था। लेकिन शूटिंग शुरू होने के बाद उन्हें महसूस हुआ कि फिल्म में कई ऐसे सीन शामिल किए जा रहे हैं, जिनकी जानकारी उन्हें पहले नहीं दी गई थी। अभिनेत्री के मुताबिक, सेट पर अक्सर ऐसे दृश्य जोड़े जा रहे थे जिनमें किसिंग सीन या रिवीलिंग कॉस्ट्यूम की मांग की जाती थी। उन्होंने कहा कि उन्हें बोल्ड सीन करने से कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन फिल्म की स्क्रिप्ट और वास्तविक शूटिंग के बीच काफी अंतर था। इस वजह से शूटिंग के दौरान कई बार तनावपूर्ण स्थिति भी पैदा हुई।

ज़रीन खान ने यह भी बताया कि इन सब परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने फिल्म पूरी करने का फैसला किया क्योंकि वह नहीं चाहती थीं कि निर्माताओं को आर्थिक नुकसान हो। उनका कहना था कि वह काम के प्रति जिम्मेदार हैं और हमेशा किसी विवाद से बचते हुए बीच का रास्ता निकालने की कोशिश करती हैं। हालांकि फिल्म पूरी होने तक हालात इतने खराब हो गए थे कि उन्हें अपनी ही फिल्म की स्क्रीनिंग में आमंत्रित नहीं किया गया। अभिनेत्री का यह भी दावा है कि उस समय कई रिपोर्ट्स में उन्हें "नखरीली एक्ट्रेस" बताया गया, जबकि उनके पास ऐसे संदेश भी मौजूद हैं जिनमें निर्देशक खुद निर्माताओं की शिकायत करते दिखाई देते हैं।

## वो 2 घंटा 40 मिनट की कल्ट क्लासिक फिल्म...जिसने बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होने के बाद भी रचा इतिहास,



बॉलीवुड में कई फिल्में ऐसी होती हैं, जो रिलीज के वक्त तो फ्लॉप साबित होती है पर बाद में जब टीवी पर आने लगती है और कभी री रिलीज होती है तो कल्ट क्लासिक बन जाती है. आज हम आपको ऐसी ही फिल्म के बारे इमं बता रहे हैं. हम आपको 2001 में आई रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' (Rehnaa Hai Terre Dil Mein) के बारे में बता रहे हैं. ये तमिल रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'मिन्नाले' (Minnale) का हिंदी रीमेक थी.

## मौनी रॉय ने व्हाइट साड़ी में ढाया कहर बैकलेस ब्लाउज पहन दिए कातिलाना पोज

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय फिल्मों से ज्यादा अपने लुक्स को लेकर सुर्खिंया बटोरटी नजर आती हैं. एक्ट्रेस आए दिन अपनी दिलकश फोटोज शेयर करती हैं हाल ही में उन्होंने साड़ी में अपनी कुछ शानदार फोटोज शेयर की हैं. मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. हाल ही एक्ट्रेस अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर फैंस का ध्यान खींचा है.शेयर की गई फोटोज में एक्ट्रेस ऑफ व्हाइट कलर की साड़ी पहने नजर आ रही हैं. उनका ये लुक काफी एलिगेंट गल रहा है.साड़ी के साथ एक्ट्रेस ने पिंक एंड गोल्डन कॉम्बिनेशन का बैकलेस ब्लाउज कैरी किया है, जो उनके लुक में चार चांद लग रहा है.एक्ट्रेस ने गोल्डन झुमके और बिंदी लगाकर अपने इस लुक को कंप्लीट किया है. उनका ये अंदाज देखने लायक है. एक्ट्रेस ने मेकअप को काफी सटल रखा है. उन्होंने स्मोकी आई लुक और लाइट शेड लिपस्टिक चूज की. खुले बालों में बला की हसीन दिख रही हैं. बैकलेस ब्लाउज पहन कर एक्ट्रेस ने जमकर कातिलाना पोज दिए. उनकी इन अदाओं पर फैंस फिदा हो गए हैं.कुछ फोटोज में एक्ट्रेस कर्वी फिगर भी फ्लॉन्ट करती नजर आई. उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है.



## गर्मियों के दौरान त्वचा के लिए फायदेमंद हैं एलोवेरा का इस्तेमाल, जानिए कैसे

एलोवेरा एक ऐसा पौधा है, जिसकी जेल जैसी सामग्री में कई ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा की देखभाल करने में मदद कर सकते हैं, खासतौर से गर्मियों में जब त्वचा को सूरज की किरणों और पसीने का सामना करना पड़ता है। आइए आज हम आपको एलोवेरा के इस्तेमाल से जुड़े कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जो आपकी त्वचा को ताजगी और नमी प्रदान करने समेत कई अन्य लाभ दे सकते हैं।



### एलोवेरा से बनाएं फेस मिस्ट

एलोवेरा से बना फेस मिस्ट त्वचा को ताजगी और नमी प्रदान करने में मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले एलोवेरा जेल को पानी के साथ मिलाकर एक स्प्रे बोतल में डालें, फिर इसे अपने चेहरे पर छिड़कें। यह तरीका खासतौर से धूप में निकलने के बाद बहुत फायदेमंद है क्योंकि यह आपकी त्वचा को ठंडक पहुंचाता है और उसे नमी से भरपूर रखता है। यह आपकी त्वचा को ताजगी का एहसास दिलाएगा।

### बादाम के तेल और एलोवेरा जेल का मिश्रण लगाएं

बादाम का तेल और एलोवेरा जेल का मिश्रण त्वचा को भरपूर नमी प्रदान कर सकता है। इसके लिए थोड़े से एलोवेरा जेल में बादाम का तेल मिलाएं, फिर इसे अपने चेहरे और शरीर पर लगाएं। यह मिश्रण आपकी त्वचा को मुलायम बनाएगा और उसे गहराई से पोषण देगा। इसके अलावा यह त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से भी बचा सकता है। यह तरीका आपकी त्वचा को चमकदार बनाएगा।

### धूप की जलन से राहत दिलाने में है कारगर

अगर आपको धूप से जलन हो गई है तो एलोवेरा जेल लगाना फायदेमंद हो सकता है। यह त्वचा को ठंडक पहुंचाता है और जलन को कम करता है। इसके लिए एलोवेरा जेल को ठंडा करके प्रभावित जगह पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। यह तरीका आपकी त्वचा को आराम देगा और उसे जल्दी ठीक करने में मदद करेगा। इससे त्वचा को आराम मिलेगा।

### एलोवेरा से बनाएं स्क्रब

एलोवेरा स्क्रब त्वचा की गहराई से सफाई करने में मदद कर सकता है। इसके लिए चीनी या नमक को एलोवेरा जेल में मिलाकर स्क्रब तैयार करें, फिर इसे अपने चेहरे और हाथ-पैरों पर हल्के हाथों से मलें, फिर ठंडे पानी से धो लें। यह स्क्रब मृत कोशिकाओं को हटाने, त्वचा को साफ और ताजगी देने में मदद करेगा। इसके अलावा यह त्वचा की नमी को बनाए रखने में भी सहायक है।

### एलोवेरा फेस मास्क लगाएं

फेस मास्क त्वचा को पोषण देने के लिए बहुत अच्छा तरीका हो सकता है। इसके लिए एलोवेरा जेल को अपने पसंदीदा फेस मास्क पाउडर जैसे कि चंदन या हल्दी पाउडर के साथ मिलाकर लगाएं। इसे 15-20 मिनट तक सूखने दें, फिर ठंडे पानी से धो लें। यह तरीका आपकी त्वचा को साफ करेगा और उसे मुलायम बनाएगा। इससे आपकी त्वचा को निखार मिलेगा।

## समीरा रेड्डी ने किया सिलेंडर का 'वीआईपी स्वागत'

अमेरिका, इजराइल-इरान वार को लेकर एलपीजी संकट को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री समीरा रेडडी का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने लोगों का ध्यान खींच लिया है। दरअसल अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें घरेलू गैस सिलेंडर का स्वागत किसी वीआईपी मेहमान की तरह किया जा रहा है। वीडियो में सिलेंडर के लिए रेड कार्पेट बिछाया गया है और उसे ताज पहनाकर सम्मानित किया जाता दिखाया गया है। अभिनेत्री खुद भी सिलेंडर की आवभगत करते हुए उसे चाय पेश करती हैं और गुलाब का फूल देकर स्वागत करती नजर आती हैं। इस वीडियो के जरिए उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में देश में एलपीजी सिलेंडर को लेकर बनी स्थिति पर व्यंग्य किया है। वीडियो देखकर यह भी साफ होता है कि अभिनेत्री के घर में भी लंबे समय से घरेलू गैस सिलेंडर का इंतजार किया जा रहा था और आखिरकार जब सिलेंडर पहुंचा तो उसे खास अंदाज में सेलिब्रेट किया गया।






समीरा रेड्डी का यह वीडियो सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आ रहा है और लोग इस पर मजेदार प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं। कई यूजर्स ने मजाकिया अंदाज में एलपीजी का नया फुल फॉर्म भी गढ़ दिया है, जिसे उन्होंने "वेरी इम्पोर्टेंड पेट्रोलियम" बताया है। हालांकि यह वीडियो हास्य के अंदाज में बनाया गया है, लेकिन यह मौजूदा हालात की झलक भी दिखाता है। कई राज्यों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें देखी जा रही हैं और लोग घरेलू सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर चिंता जता रहे हैं। गैस की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के बाद स्थिति और ज्यादा चर्चा में आ गई है। केंद्र सरकार का कहना है कि देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है और सप्लाई सामान्य है। इसके बावजूद कमर्शियल सिलेंडरों पर लगे प्रतिबंध और बढ़ती मांग के कारण कुछ क्षेत्रों में पैनिक जैसी स्थिति बन गई है। इसी वजह से घरेलू सिलेंडर की बुकिंग की अवधि को बढ़ाकर 28 दिन कर दिया गया है, यानी अब एक परिवार इस अवधि में केवल एक ही सिलेंडर बुक कर सकता है। ऐसे में सोशल मीडिया पर सामने आ रहे ऐसे वीडियो लोगों की परेशानियों के बीच थोड़ी राहत और मुस्कान जरूर दे रहे हैं। बता दें कि अमेरिका, इजराइल तथा ईरान वार का असर अब भारत के घरेलू बाजार में भी दिखाई देने लगा है। बढ़ती अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता और ईंधन आपूर्ति से जुड़ी चिंताओं के बीच देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और सप्लाई को लेकर परेशानियां सामने आ रही हैं। कई शहरों में लोग गैस सिलेंडर के लिए लंबी लाइनों में लगने को मजबूर हैं और एक सिलेंडर की बुकिंग के लिए अब 28 दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। (ईएमएस)।

## एटली का फिल्म बनाने का तरीका काफी प्रभावशाली: विजय



हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता विजय सेतुपति ने एटली के निर्देशन की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें फिल्म बनाने का उनका तरीका काफी प्रभावशाली लगता है। उन्होंने बताया कि एटली को अच्छी तरह पता होता है कि किसी सीन या शॉट को किस तरह प्रस्तुत करना है और किस जगह उसे खास बनाना है। सेतुपति के अनुसार, निर्देशक अपने हर सीन को लेकर पूरी तरह आश्वस्त रहते हैं और यही आत्मविश्वास उनके काम को अलग बनाता है। विजय सेतुपति ने कहा कि उन्हें एटली के साथ काम करना इसलिए भी अच्छा लगा क्योंकि वह अपने विजन को लेकर स्पष्ट रहते हैं और कलाकारों को भी उसी दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। उनके मुताबिक, एटली की यही खासियत उनके साथ काम करने के अनुभव को खास बनाती है। अभिनेता ने यह भी खुलासा किया कि फिल्म करने के पीछे एक और बड़ी वजह शाहरुख खान के साथ काम करने का मौका था। उन्होंने कहा कि शाहरुख खान जैसे बड़े स्टार के साथ स्क्रीन साझा करना उनके लिए एक खास अनुभव था और इसी कारण उन्होंने इस फिल्म के लिए हामी भरी। विजय सेतुपति के अनुसार, शाहरुख खान के साथ काम करना उनके करियर के यादगार अनुभवों में से एक रहा। फिल्म 'जवान' ने रिलीज के बाद दुनियाभर में शानदार कमाई की थी और दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हुई। फिल्म की कहानी, एक्शन सीक्वेंस और कलाकारों के दमदार अभिनय ने इसे बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता दिलाई थी। बता दें कि साल 2023 में रिलीज हुई यह एक्शन एंटरटेनर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट साबित हुई थी और उस वर्ष की सबसे सफल फिल्मों में शामिल रही थी। फिल्म में शाहरुख खान मुख्य भूमिका में नजर आए थे, जबकि विजय सेतुपति ने खतरनाक विलेन काली गायकवाड़ का किरदार निभाया था। इस फिल्म में नयनतारा और दीपिका पादुकोण भी अहम भूमिकाओं में दिखाई दी थीं। फिल्म की कहानी, एक्शन और कलाकारों के प्रदर्शन को दर्शकों से भरपूर सराहना मिली थी। (ईएमएस)।



# Journalists Stage Dharna in Ranchi

Sagar Suraj



Journalists Seek Welfare Measures in Jharkhand

**MOTIHARI:** Journalists from across Jharkhand, under the aegis of the Jharkhand Journalist Association, staged a day-long dharna outside the Jharkhand Vidhan Sabha, demanding the implementation of long-pending welfare and security measures for media professionals. The protest witnessed participation from a large number of journalists, reflecting growing discontent within the fraternity over unmet promises. The sit-in gained national attention as prominent figures, including Shahnawaj Hasan, National General Secretary of the Bharti Shramjivi Patrakar Sangh (BSPS), and Ajay Kumar, Bihar BSPS chief extended their support by joining the demonstration. Journalists from various parts of the country also expressed solidarity, underlining the wider significance of the demands raised in Jharkhand. Protesters reiterated their key demands, including the immediate implementation of a journalist pension scheme, free health insurance, housing facilities for landless journalists, and the enactment of a comprehensive journalist protection law. They also called for the formation of an elected accreditation committee with authority over advertisement policies, arguing that such reforms are essential to ensure transparency and independence in media operations. The association highlighted that similar welfare schemes are already operational in states like Madhya Pradesh, Haryana, Telangana, and Maharashtra, and urged the Jharkhand government to follow suit. It also recalled assurances made by Hemant Soren prior to the Assembly elections regarding the fulfillment of these demands within a stipulated timeframe. Despite more than a year having passed since the formation of the current government, the journalists alleged that no concrete steps have been taken. They warned that if their demands continue to be ignored, they would be compelled to intensify their agitation in the coming days. The protest concluded peacefully, with a renewed call for dialogue and swift government action to safeguard the rights and welfare of journalists in the state.

## Several feared trapped as massive fire engulfs residential building in Delhi's Palam



**New Delhi, Agency:** Several people were reported trapped after a major fire broke out in a residential building in Southwest Delhi's Palam area on Wednesday morning.

According to the fire department, a distress call was received at around 7 am regarding a blaze near the Palam Metro Station. Despite continuous efforts, the flames continued to rage for nearly three hours, making firefighting operations extremely challenging.

Claims emerged that at least nine people, believed to be members of the same family, were trapped inside the building at the time of the incident.

However, a senior police officer said the exact number of people trapped or rescued could not be confirmed immediately, as rescue operations were still ongoing and teams were working to safely evacuate anyone inside.

Visuals from the scene showed thick plumes of smoke billowing from the building, indicating the intensity of the fire. Firefighters were seen using hydraulic lifts and other specialised equipment to reach the upper floors and douse the flames.

## Proposal for audible signals at traffic lights

**New Delhi, Agency:** Delhi Legislative Assembly speaker Vijender Gupta has urged lieutenant governor Taranjit Singh Sandhu to install audible pedestrian signals at traffic intersections across the capital to enhance safety for visually impaired persons and elderly pedestrians.

In a letter to LG, Gupta highlighted concerns about the lack of accessible pedestrian infrastructure and cited research from Dr Rajendra Prasad Centre for Ophthalmic Sciences at All India Institute of Medical Sciences (AIIMS). According to the study, nearly 60 lakh Delhi residents suffer from some form of vision impairment, with 20-30% experiencing significantly blurred vision. This suggests that 12-18 lakh people may be living with low vision, facing heightened risks on busy city roads.

The letter noted that several countries - including Japan, Singapore, UK, US, Canada, Australia and Brazil - have already deployed audible pedestrian signals, which use beeps or ticking sounds to guide the visually impaired. Gupta argued that implementing similar systems at major crossings in Delhi would improve accessibility, reduce accidents and make the city's roads more inclusive for all.

## NDMC launches 24x7 water supply pilot project at Vinay Marg



**New Delhi, Agency:** New Delhi Municipal Council launched a 24x7 water supply pilot project at Vinay Marg on Tuesday for uninterrupted drinking water supply to residents.

The project covers around 550 connections, most of which are at govt quarters maintained by the Central Public Works Department. As part of the initiative, NDMC plans to minimise water loss by identifying and plugging leaks, upgrading the distribution network, and optimising supply management. A key feature of the project is the installation of a SCADA - supervisory control and data acquisition - system, which will enable real-time monitoring and control of the water supply network. NDMC vice-chairman Kuljeet Singh Chahal said that under the Prime Minister's Har Ghar Jal initiative, NDMC is implementing this pilot to modernise the supply system. A consultant was appointed earlier, and the plan was developed based on its recommendations. "Under this project, modern VFD-based motor pump sets will be installed at the Vinay Marg boosting station. Additionally, IT-enabled instrumentation, automation systems and data analytics will be introduced to enhance monitoring, transparency and accountability in water supply operations," he said. Essential electrical improvements will be carried out in the existing pipeline network. The project was approved at a cost of about Rs 1.4 crore and would be done within five months. NDMC will begin within next month the process of appointing a consultant for preparing a study and a design to implement 24x7 water supply across its jurisdiction.

# Govt to hire consultant for identifying flagship tourist hub in capital



**New Delhi, Agency:** Delhi govt plans to identify a flagship tourist hub among the city's major tourism destinations under the Centre's 'One State: One Global Destination' initiative. The initiative is part of a broader strategy to develop over 50 high-quality destinations nationwide in line with the Viksit Bharat vision.

Delhi govt has floated a request for proposal (RFP) to hire a consultant to conduct surveys. Based on the information gathered, the consultant will prepare an initial concept plan or sketch design, which will be discussed with Delhi govt, DTTDC's board of directors and other stakeholders and then refined until a final concept is agreed upon.

Once the concept is approved, the consultant will develop a detailed project report (DPR). "The DPR will outline the site's tourism potential, project feasibility, preliminary designs and cost estimates, covering components such as civil works, electrical systems, landscaping, land development and mechanical works. It will require multiple statutory approvals from agencies like MCD, NDMC and the Delhi fire department," said an official.

After the DPR is prepared, presentations will be made before the central govt with advanced tools like 3D designs and walkthroughs to secure approvals and stakeholder alignment. After completion, occupancy certificates will be obtained and final "as-built" documentation submitted. Consultants will also assist in tendering, contractor selection and execution, ensuring adherence to timelines and cost limits.

The project, announced in Union Budget 2025-26, seeks to create at least one world-class tourism destination in every state and Union Territory. The roadmap was firmed up at a recent state tourism ministers' meet in Udaipur, where the Union tourism ministry emphasised private investment and performance-linked incentives to drive the initiative.

An official said Delhi govt will soon finalise the location for the proposed project, which will be executed through DTTDC.

The initiative rests on two pillars - destination development and destination management. A key feature is a performance linked incentive-based "destination maturity model" to reward states that meet global standards in infrastructure, sustainability and visitor experience. The Centre expects the initiative to boost tourism, create jobs and enhance India's competitiveness as a global travel destination while showcasing the unique cultural and heritage strengths of each state.

## 40-yr-old man fatally stabbed in robbery bid

**New Delhi, Agency:** A 40-year-old man was stabbed to death in a suspected robbery attempt in Sultanpuri in Outer Delhi early Tuesday.

According to police, Rajinder Singh had stepped out around 3am to a nearby park when he was allegedly confronted by a group of assailants. Police said the attackers tried to rob him and stabbed him multiple times when he resisted. Despite his injuries, Singh managed to make his way close to his home before collapsing. His family took him to a hospital, where he died during treatment. Police have registered a murder case and detained two men. Two juveniles have also been apprehended. One of the accused, Raj, suffered injuries during the assault and is undergoing treatment at Safdarjung Hospital under police custody.

## Delhi bridge collapse: Declared unsafe, 33-year-old FOB closed for public use since july with restrictions imposed



**New Delhi, Agency:** Delhi govt has formed a three-member committee to investigate the bridge collapse in north Delhi's Roop Nagar and submit a report within 48 hours, minister Parvesh Verma said on Tuesday.

The Public Works Department minister has also ordered a safety audit of all similar foot overbridges across the city. The 60-foot FOB over the Najafgarh drain collapsed earlier in the day, killing a woman.

Officials said the bridge near Mother Dairy in Roop Nagar was constructed around 33 years ago and had significantly deteriorated over time. It was inspected in March 2025 and was found to be structurally unsafe, they pointed out. Acting on this assessment, authorities closed the FOB for public use in July 2025 and put in place necessary restrictions, they claimed. However, despite these measures, it was still being used by some people, they alleged.

Preliminary assessment suggests that the collapse may have occurred due to structural deterioration of the bridge, said officials. "We have constituted a committee to examine all aspects, including the condition of the structure and the circumstances leading to the collapse. Responsibility will be fixed based on the findings and necessary action will follow," Verma said. On Tuesday morning, police received a PCR call about the incident. The woman was sitting near one end of the bridge and was a beggar, said officials. The area has been fully cordoned off to prevent any further incident, they added.

Delhi Congress president Devender Yadav said people were dying in accidents every other day in the city, either due to bridge collapse or falling into drains, accidents due to waterlogging and potholes on the roads, and other governance failures.

## Temperatures set to cool as rain expected over next three days



**New Delhi, Agency:** The city is likely to get rain from Wednesday night to Friday, which would cause the temperature to drop. Though there are chances of very light rain or a drizzle on Wednesday night, India Meteorological Department has issued a yellow alert for Thursday and Friday, forecasting multiple spells of light rain, accompanied by thunderstorms and gusty winds of up to 50 kmph.

The maximum temperature on Tuesday was 31.6 degrees Celsius, which is near normal for this time of the year. It was 32.2 degrees Celsius a day earlier. The maximum is forecast to stay between 32-34 degrees Celsius on Wednesday, but it is likely to dip by 3-4 degrees by Friday.

"The city is likely to witness rain under the influence of a western disturbance. The day temperatures are likely to dip to around 29-31 degrees Celsius by Thursday and further to 27-29 degrees Celsius by Friday, as overcast skies and rain are expected to provide a cooling effect," a Met official said. Delhi had been recording above-normal temperatures in March, but rain on Sunday provided relief. The mercury was above 35 degrees Celsius for six consecutive days from March 7-12, with the season's high of 36.8 degrees Celsius on March 11.

# Won't raze homes in Uttam Nagar without notice: MCD to HC



**New Delhi, Agency:** Municipal Corporation of Delhi (MCD) on Tuesday told Delhi High Court that it will not carry out any demolition at the homes of individuals allegedly involved in a Holi day clash in Uttam Nagar without issuing prior notice.

The assurance was given before Justice Amit Bansal during the hearing of petitions filed by Jarina, mother of accused Imran, and Shahnaz, whose children were questioned by police. Both feared that their houses might be razed without due process. Recording the civic body's statement, the court closed the petitions.

"Senior advocate Sanjay Poddar submits that MCD shall not take action against unauthorised constructions without issuing notice to the petitioners, and that any action will be in accordance with the Supreme Court's judgment on demolitions," the court noted.

Earlier, the petitioners' counsel told the court they feared the civic agency would demolish their homes without following legal procedure. MCD clarified that its assurance applied only to the specific residential premises mentioned in the case, not to any other properties.

Last week, the high court had granted interim protection from demolition for a week and asked the petitioners to file a fresh plea outlining their concerns. The case stems from a March 4 clash between two neighbouring families with a long-standing dispute in Uttam Nagar that resulted in the death of a 26-year-old man. Several people, including a minor, have been apprehended.

On March 8, MCD demolished part of the house belonging to accused Umardeep's family, stating it encroached on a drain. In earlier hearings, the civic body submitted that the demolition was part of an encroachment removal drive and was not selective, and that no prior notice was required for clearing structures built over public drains, had argued in her previous petition that the demolition created fear in the locality and raised concerns that her home could also be razed without following due process. The petitions contended that demolitions cannot be used as punitive action in criminal cases and must be preceded by a show-cause notice and an opportunity to be heard.